तापमान

अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026



12 सीआईएसएफ कैम्पस के स्लज व प्लास्टिक वेस्ट का पतोरा में होगा ट्रीटमेंट





13 बिजनेस लाइन सेरेब्रेशन कॉर्पोरेट क्विज़ में शालिनी को मिला तृतीय पुरस्कार






## खबर संक्षेप

### जमीन बिक्री के नाम पर 55 लाख की ठगी

**भिलाई।** भूमि विक्रय के नाम पर बड़ी धोखाधड़ी के मामले में सुपेला पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को जमीन का एग्रीमेंटधारी बताकर प्रार्थी से लाखों रुपये की ठगी की। पुलिस जांच में फर्जी दस्तावेज और फर्जी बैंक खाते के जरिए रकम आहरण करने का पूरा तरीका सामने आया है। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके समीप स्थित लगभग 38,090 वर्गफीट खाली भूमि, जो राजस्व रिकॉर्ड में संदीप जैन और अनुराग जैन के नाम पर दर्ज है, को आरोपी कुलदीप सिंह सोनी ने स्वयं के नाम एग्रीमेंट होना बताकर बेचने का झांसा दिया। आरोपी ने 24 जनवरी 2020 को एग्रीमेंट का दस्तावेज दिखाकर इकरारनामा किया। इसमें नगद और बैंक खाते के माध्यम से कुल 26 लाख रुपये भुगतान का उल्लेख था। इसके बाद आरोपी ने विभिन्न तिथियों में प्रार्थी से चेक के जरिए करीब 24 लाख रुपये प्राप्त किए। आरोपियों द्वारा कुल लगभग 55 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई।
प्रकरण में आरोपी कुलदीप सिंह सोनी, उम्र 64 वर्ष निवासी संतराबाड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे रिमांड पर भेजा दिया गया है।

### आत्महत्या के लिए ट्रैक पर लेटे युवक की बची जान

**दुर्ग।** रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या का प्रयास कर रहे एक युवक को डायल-112 की टीम ने समय रहते बचाकर बड़ा हादसा टाल दिया। यह घटना धमधा नाका रेलवे ट्रैक की है। डायल-112 में 27 दिसंबर की दोपहर करीब 3:30 बजे सूचना प्राप्त हुई कि धमधा नाका रेलवे ट्रैक पर एक युवक आत्महत्या की नीयत से ट्रैक पर लेटा हुआ है। ऑन ड्यूटी आरक्षक रमेश जायसवाल और चालक लाखेश्वर तत्काल मौके पर पहुंचे। युवक को तुरंत रेलवे ट्रैक से सुरक्षित हटाया। एसएसपी ने दोनों पुलिस जवानों को सम्मानित किया।

# निगम को कंगाल बताते हुए भाजपा पार्षद ने लोगों से मांगी भीख

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई**

भिलाई नगर निगम की जरूरी सेवाओं में लगी गाड़ियां डीजल पेट्रोल ना होने से पिछले तीन दिनों से नहीं चल रही हैं। ऐसे में भाजपा नेता और पार्षद संतोष मौर्य ने अपने वार्ड में लोगों से भीख मांगकर जमा रकम को निगम कमिश्नर को सौंपा।

पार्षद संतोष मौर्य गुरुवार सुबह वार्ड की समस्या को देखने के लिए रोज की तरह अपनी स्कूटी से निकले थे। लोगों ने उनसे कहा कि नाली साफ करने के लिए जेसीबी नहीं आ रही है। शव वाहन भी नहीं दिए जा रहे हैं। आखिर निगम उन लोगों से टैक्स किस बात का ले रहा है, जब उन्हें मूलभूत सुविधाएं नहीं दे सकता है। इसके बाद बहाल करने की बात कही।

इसके बाद जब उन्होंने देखा कि ढाई करोड़ रुपए से अधिक की उधारी के चलते पंप संचालक निगम को डीजल पेट्रोल नहीं दे रहा है और निगम कमिश्नर भी तीन दिन से उधारी देने के लिए कुछ नहीं कर रहे हैं तो संतोष मौर्य कटोरा लेकर रामनगर में हनुमान मंदिर चौक के पास भीख मांगने के लिए बैठ गए।

उन्होंने आते जाते लोगों से गुहार लगाकर कहा कि नगर निगम भिलाई कंगाल हो गया है, उसको चलाने के लिए बजट नहीं है। इसलिए उन्हें भीख दीजिए, जिससे वो निगम के संचालन और वाहनों में तेल डलाने के लिए निगम आयुक्त को रुपए दे सकें।

## छाया महापौर ने कहा - अधिकारियों की गाड़ियां दौड़ रही, जरूरी सेवाओं के लिए मद नहीं

### जोन आयुक्त ने भीख से मिले रुपए लेने से किया इंकार

दिनभर में संतोष मौर्य ने 1630 रुपए भीख मांगकर जमा किया। इसके बाद वो निगम कमिश्नर राजीव पाण्डेय के कार्यालय पहुंचे। कमिश्नर के नहीं मिलने पर वो जोन 2 की आयुक्त येशा लहरे के पास पहुंचे। जब वो उन्हें भीख से जमा की गई रकम सौंपने सौंपने लगे तो जोन कमिश्नर उसे लेने मना कर दिया। उन्होंने कहा कि ये निगम आयुक्त के अधिकार क्षेत्र का मामला है, इसलिए यह रकम उन्हीं को दें।



### अधिकारियों की गाड़ियों को कैसे मिल रहा समय पर तेल

भाजपा नेता और पार्षद महेश वर्मा ने कहा कि इस पूरे मामले में सबसे हास्यात्पद मामला यह है कि नगर निगम भिलाई में जितनी भी जरूरी सेवा से जुड़े वाहन हैं, तेल ना मिलने से तीन दिनों से खड़े हैं, लेकिन निगम के अधिकारियों की सरकारी गाड़ियां धड़ल्ले से दौड़ रही हैं। उनके लिए समय पर पूरा डीजल पेट्रोल मिल रहा है। आखिर निगम के पास अधिकारियों की गाड़ियों के ईंधन के लिए फंड कहां से आ जा रहा है, और जनता के हित के लिए मद का रोना रोया जा रहा है।

## दो महीने का एक साथ चावल वितरण करना था, लेकिन दिया मात्र एक महीने का

# बालोद जिले से 5600 मीट्रिक टन चावल मांगया तब भी पीडीएस दुकानों में स्टॉक नहीं

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई**

## फोर्टिफाइड चावल के टेंडर में हुई देरी की वजह से नहीं बंट रहा पीडीएस का चावल

दुर्ग जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली यानी पीडीएस की दुकानों में इस महीने चावल मिलना शुरू नहीं हो पाया है। ज्यादातर दुकानों में इस महीने का चावल का स्टॉक वितरण के लिए पहुंचा ही नहीं है। हालांकि फरवरी महीने में चावल की कमी पूरी करने के लिए बालोद जिले से प्रशासन द्वारा 5600 मीट्रिक टन चावल मंगवाए गए हैं।

फरवरी और मार्च महीने का चावल एक साथ बांटने की योजना थी लेकिन फोर्टीफाइड चावल के टेंडर में हुई देरी की वजह से व्यवस्था चरमरा गई। चावल संकट इसलिए भी गहराया है कि दुर्ग के कई मिलरों ने पिछले साल यानी वर्ष 2024-25 की मिलिंग का चावल जमा नहीं किया। जिसकी वजह से पीडीएस में चावल की कमी उठानी पड़ी।



### जिले में 4.95 लाख राशनकार्डधारी

दुर्ग जिले में इस समय 4 लाख 95 हजार 400 राशनकार्ड प्रचलित हैं। इनमें 74 हजार 935 अंत्योदय योजना, 962 निराश्रित, 2 लाख 97 हजार 471 प्राथमिकता, 2,967 निःशक्तजन व 1 लाख 18 हजार 65 एपीएल श्रेणी के राशनकार्ड हैं। इन राशनकार्डधारियों को हर माह सरकारी दुकानों से सस्ते दर पर राशन दिया जाना हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि पीडीएस की दुकानों में लोग राशन लेने जा रहे हैं लेकिन राशन नहीं मिल पा रहा है।

### राशन दुकानों में ई-पाश मशीन ही नहीं हो पाई है शुरू

विभागीय सूत्रों के मुताबिक फरवरी और मार्च महीने का राशन एक साथ हितग्राहियों को वितरण करना है। इसलिए पिछले एक फरवरी से आज तक ई पाश मशीन ही जिले से शुरू नहीं हो पाई थी। गुरुवार की शाम ई-पाश मशीन खुल पाई है। बताया जाता है कि ई पाश मशीन में केवल फरवरी महीने का राशन वितरण शो कर रहा है। जबकि राशन दुकानदारों को संबंधित फील्ड अधिकारी यह निर्देश देते रहे कि एक साथ दो महीने का राशन बांटना।

### फोर्टिफाइड चावल के टेंडर में देरी

पीडीएस चावल में प्रदेश सरकार द्वारा फोर्टिफाइड चावल मिलाकर हितग्राहियों को वितरण करवाया जा रहा है। ताकि हितग्राहियों को पोषणयुक्त चावल खाने को मिले। फोर्टिफाइड चावल के लिए हर साल नान द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाती है। टेंडर के हिसाब से पीडीएस चावल में फोर्टिफाइड की मात्रा मिलवाई जाती है। इस बार टेंडर प्रक्रिया में देरी हुई। जिसकी वजह से भी फरवरी महीने के चावल वितरण व्यवस्था गड़बड़ाई है।

### हितग्राही काट रहे हैं राशन दुकानों का चक्कर

हितग्राही रामाधार निषाद, उमेश कुमार यादव, रामकुमार, पीलाबाई, सरस्वती बाई, जमुना बाई, गायत्री बाई, रमशीला, बुधवंतीन बाई आदि ने बताया कि एक फरवरी से अब तक राशन दुकानों में चावल नहीं मिला है। दुकान का रोजाना चक्कर काट रहे हैं। राशन दुकानदार यही बता रहे हैं कि ई पॉश मशीन ही लॉक है। जब मशीन खुलेगा तब राशन वितरण शुरू करेंगे। हितग्राहियों ने यह भी बताया कि फरवरी महीने का चावल नहीं आने की वजह से भी चावल वितरण नहीं करने की जानकारी दे रहे हैं। यह भी दुकानदार कहते हैं कि फरवरी व मार्च का एक साथ चावल देंगे।

### चावल का है पर्याप्त स्टॉक

बालोद जिले से फरवरी महीने के लिए चावल की व्यवस्था करवाई गई है। मिलिंग का चावल भी आने लगा है। इसलिए कोई दिक्कत जैसी स्थिति नहीं है।
**-नीलिमा ठक्कर,** प्रभारी नागरिक आपूर्ति निगम दुर्ग

# मेडिकल स्टोर और ओपीडी फ्रेंचाइजी के नाम पर धोखाधड़ी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**



मेडिकल स्टोर और ओपीडी संचालन के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में मोहन नगर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने हॉस्पिटल सेटअप और आकर्षक मुनाफे का झांसा देकर पीड़ित से करीब 26 लाख रुपये की ठगी की। मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी राहुल परिहार (40 वर्ष) ने 16 जनवरी को थाना मोहन नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि टस्कर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के संचालकों और प्रतिनिधियों ने मेडिकल स्टोर और एमबीबीएस डॉक्टर की ओपीडी संचालन के लिए फ्रेंचाइजी देने का प्रलोभन दिया। आरोपियों ने दावा किया कि फ्रेंचाइजी लेने पर मेडिकल स्टोर का इंटीरियर, ब्रांड प्रमोशन, एमबीबीएस डॉक्टर की ओपीडी, पैथोलॉजी सुविधा, दवाइयों का स्टॉक, कर्मचारियों की व्यवस्था और उनका वेतन कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रतिमाह 1 से 2 लाख रुपये तक मुनाफा होने का भरोसा दिलाया गया। इन आश्वासनों के झांसे में आकर प्रार्थी ने 28 अक्टूबर 2024 को फ्रेंचाइजी शुल्क सहित विभिन्न मदों में कुल 25,93,400 रुपये फोन-पे और आरटीजीएस के माध्यम से कंपनी को भुगतान किए। भुगतान के बाद न तो वादा की गई सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं और न ही पर्याप्त दवाइयों का स्टॉक दिया गया।

शिकायत के संबंध में ई-मेल भेजने पर भी कंपनी प्रतिनिधियों की ओर से कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि आरोपियों ने झूठे आश्वासन देकर प्रार्थी से रकम हड़प ली और उसे आर्थिक नुकसान पहुंचाया। मामले में थाना मोहन नगर में धारा 318(4), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी रवि पांडे (26 वर्ष) निवासी सरोजिनी नगर, लखनऊ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश जारी है।

### ठेकेदार के सूने मकान में लाखों की चोरी

**भिलाई।** अमलेश्वर थाना अंतर्गत ग्राम मोतीपुर खम्हरिया निवासी राम स्वरूप साहू के घर में 25 से 29 जनवरी के बीच चोरी हो गई। वह पेशे से ठेकेदार है। मुख्य दरवाजा लॉक था लेकिन घर के दरवाजा का लॉक टूटा हुआ था। सामान बिखरा हुआ था। अलमारी से करीब 3 लाख के जेवरात गायब थे।

# सीएस ने कहा - डॉक्टर ने बताया, मृत व्यक्ति को भर्ती करने के बाद बनाया गया मेडिकल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई**

हरिभूमि फॉलोअप

लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय सुपेला में मरे हुए व्यक्ति का मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने के मामले में दुर्ग के सिविल सर्जन (सीएस) डॉ. आशीष कुमार मिंज का चौकाने वाला बयान आने के बाद भी कलेक्टर और सीएमएचओ कोई कड़ा ऐक्शन लेते नहीं दिख रहे हैं। सीएस ने मीडिया को बताया है कि लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला के चिकित्साधीक्षक डॉ. पीयाम सिंह ने जिस गणेश राम का मेडिकल सर्टिफिकेट 7 दिसंबर 2025 को बनाया था उसे एक सप्ताह तक अस्पताल में भर्ती रखने के बाद बनाया है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब गणेश राम की मृत्यु 21 अप्रैल 2024 को हो गई थी तो फिर डॉ. पीयाम ने किसे गणेशराम बनाकर भर्ती कर लिया और उस व्यक्ति का सात दिन उपचार के दौरान आधार या अन्य दस्तावेज क्यों नहीं चेक किए गए। आपको बता दें कि हरिभूमि ने मरे हुए व्यक्ति का मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने का मामला सबसे पहले प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस खबर के बाद दुर्ग सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने मीडिया में बयान दिया कि सिविल सर्जन डॉ. आशीष कुमार मिंज हैं। वो इस मामले जांच करके 10 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट मांगे हैं। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। अब जब डॉ. मिंज का बयान आ गया और उन्होंने कह दिया कि डॉ. पीयान में उन्हें बताया कि उन्होंने सात दिन तक गणेश राम को भर्ती रखा और उसके बाद मेडिकल सर्टिफिकेट बनाया, जबकि उसी मौत एक साल पहले हो चुकी थी। इसके बाद भी अब तक ना तो सीएमएचओ ने कोई ऐक्शन लिया है न दुर्ग कलेक्टर ने।

- सुपेला अस्पताल में मरे व्यक्ति का मेडिकल बनाने का मामला

# पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण का सम्मेलन आज सीएम सहित जुटेगा मंत्रीमंडल, रूट डायवर्ट

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग**

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण का सम्मेलन 6 फरवरी को सुबह करीब 11 बजे से पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में आयोजित है। आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीमंडल, आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विधायक और विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

दोपहर 2 बजे आईआईटी के नालंदा परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, रिकेश सेन, डोमनलाल कोर्सेवाड़ा सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।इसे देखते हुए जीई रोड और गुजरने वाले मार्गों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रूट डायवर्ट किए गए हैं।छोटे वाहनों के लिए ग्रीन चौक से राजनांदगांव जाने वाले वाहन अग्रसेन चौक, इंदिरा मार्केट, पटेल चौक, गंजपारा, पुलगांव चौक, राजेन्द्र पार्क–चर्च गेट, चौपाटी टर्निंग, उतई तिराहा, जेल रोड, महाराजा चौक होकर आवागमन करेंगे। सेक्टर क्षेत्र से दुर्ग शहर में प्रवेश करने वाले वाहन ठगड़ा बंध पुल से जेल तिराहा, समृद्धि मार्केट, साईं द्वार, राजेन्द्र पार्क मार्ग का उपयोग करेंगे। रायपुर, बेमेतरा, कवर्धा, गंडई जाने वाली बसें धमधा ओवरब्रिज के पहले गंज मंडी स्थित एफसीआई गोदाम के पास से सवारी लेकर रवाना होंगी।

# सामुदायिक भवन के भूमिपूजन को लेकर दो पक्षों में विवाद, स्थगित किया गया कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई**

संतोषी पारा कैम्प-2 स्थित बेलदार बस्ती वार्ड-33 में प्रस्तावित सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर गुरुवार को विवाद की स्थिति बनी। 10 लाख की लागत से भवन निर्माण का भूमिपूजन होना था। मोहल्ले में अचानक अफवाह फैल गई कि यहां सामुदायिक भवन नहीं, मदरसा के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है। इसके बाद बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। कार्यक्रम का विरोध शुरू कर दिया। विरोध कर रहे लोगों का आरोप था कि भूमिपूजन कार्यक्रम में एक विशेष समुदाय के लोगों को आमंत्रित किया गया, जबकि हिन्दू समाज के लोगों को इसकी जानकारी नहीं दी गई। इसी बात को लेकर मौके पर विवाद बढ़ गया। इसके बाद भूमिपूजन कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया। बजरंग दल के मुकेश कुमार सोनकर सहित स्थानीय निवासियों का कहना है कि

- संतोषी पारा के बेलदार बस्ती में बनना है भवन



इस क्षेत्र में करीब 40 वर्ष पुराना एक मंदिर स्थित है। मंदिर निर्माण के कुछ वर्षों बाद पास में मस्जिद का निर्माण किया गया। मंदिर के ठीक बगल में सामुदायिक भवन बनने से धार्मिक आयोजनों के दौरान समस्याएं उत्पन्न होगी। मांग की गई कि मंदिर परिसर के चारों ओर बाउंड्रीवॉल का निर्माण कराया जाए। मुस्लिम समाज ने भी अपना पक्ष रखा। मुस्लिम समाज की ओर से शेख मुश्ताक ने बताया कि गुरुवार को वार्ड पार्षद द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम किया जा रहा था। स्थिति तनावपूर्ण हो गई। पार्षद एन शैलजा ने बताया कि सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया जा रहा था। स्थिति विवादास्पद होने पर कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया।

## दो लाख का सामान जब्त, पुलिस तलाश रही लिंक

# पान ठेलों और डेली नीड्स में बिक रहा था गोगो पेपर और हुक्का फ्लेवर, 17 गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई**

युवाओं में तेजी से बढ़ रहे नशे के प्रचलन पर लगाम कसने के लिए दुर्ग पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। 35 से अधिक टीम गठित कर छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान पान ठेले और डेली नीड्स की दुकान से गोगो पेपर और हुक्का का फ्लेवर बेचना पाया गया। मामले में पुलिस ने 17 लोगों को गिरफ्तार किया। उनके पास से करीब 2 लाख के सामान जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान गोगो रोलिंग पेपर, हुक्का फ्लेवर, चीलम और प्रतिबंधित जर्दायुक्त गुटखा जब्त किया गया।



पुलिस ने प्रगति नगर में अभिनंद सिंह, मां शक्ति डेली नीड्स रिसाली से सौरभ गहलोत, अमृत तुल्य चाय रिसाली से चित्रांश साहू, वेलकम पान पैलेस से विजेश बारवे, सुनील पान से देवेन्द्र भोसले, बंछोर चाय सेंटर से शंकर लाल बंछोर, संजय पान मसाला से संजय कुमार बडानी, गणेश किराना से लोकेश कुमार साहू, बनारसी पान सेंटर से कुशाल प्रजापति, यादव होटल से अर्जुन यादव, अजय पान पैलेस से राजकुमार महोबिया, फायर पान पैलेस से राजेश कुमार द्विवेदी, पार्वती किराना से मनोज कुमार चौहान, भिलाई पान ठेला से त्रिवेणी साहू, शीतल डेली नीड्स से लक्की चंदानी, गणेश पान दुकान से भगवान साहू, कला प्रोविजन स्टोर्स से विमल जसवानी को पकड़ा है। कार्रवाई के दौरान मोहन नगर क्षेत्र की 8 दुकानों, स्मृतिनगर की 5 दुकानों, नेवई की 2 दुकानों और दुर्ग क्षेत्र की 1 दुकान पर की गई।







# सीआईएसएफ कैम्पस के स्लज व प्लास्टिक वेस्ट का पतोरा में होगा ट्रीटमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मल-जल प्रबंधन केन्द्र पतोरा फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट और सीआईएसएफ आरटीसी के मध्य अनुबंध हुआ। इस अनुबंध के मुताबिक अब से सीआईएसएफ कैम्पस का स्लज और प्लास्टिक वेस्ट प्लांट में पहुंचाया जाएगा, जिसका ट्रीटमेंट कर खाद तैयार किया जाएगा। इसे लेकर अनुबंध किया गया।

जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे बताया कि सीआईएसएफ ने स्कूल में वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान के लिए लिया गांव को गोद लिया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जवानों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में वृक्षारोपण किया। शाला प्रांगण की साफ सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व और स्वच्छ वातावरण के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर डीआईजी रोहित कटियार ने गांव में संचालित मल-जल उपचार संयंत्र एवं कचरा पृथक्करण केंद्र का अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने नाडेप टैंक, वर्मी कंपोस्ट तथा जैविक खाद निर्माण की प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

## आरटीसी के जवानों ने गोद लिए ग्राम पतोरा में चलाया सफाई अभियान

### मानसिक और शारीरिक विकास के लिए प्रशिक्षण

सीआईएसएफ ने गांव में स्वच्छता जागरूकता अभियान के अलावा बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु गतिविधियां तथा विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस उपलब्ध कराने की योजना की तैयार की है। इसके लिए बच्चों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। ताकि बच्चों को बेहतर भविष्य की दिशा मिल सके। इसे लेकर हुई बैठक में रोहित कटारिया, अधिकारी पाय बोलरा, शिशुपाल सिंग, सरपंच भुनेश्वर प्रसाद साहू, रंजीत सिंग सहित अन्य मौजूद थे।



### पतोरा का स्लज प्लांट 2021 से हो रहा संचालित

अधिकारियों ने बताया कि पतोरा का स्लज प्लांट 2021 से संचालित हो रहा है। 35 किमी दूर से मांग के आधार फिकल स्लज लगाया जाता है। फिकल स्लज में तरल अपशिष्ट जल 80 तथा ठोस अपशिष्ट का 20 है। फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट में अलग-अलग प्रक्रिया के माध्यम दो कार्यो के लिए उपयोग किया जा रहा है।

### महीने में 1 लाख तक की आय



सीआईएसएफ परिसर के स्लज (मल), प्लास्टिक वेस्ट आदि को पतोरा के प्लांट में लाकर उपचारित किया जायेगा। प्रतिदिन लगभग चार ट्रिप स्लज लगाया जा रहा है, जिसकी राशि प्रति ट्रिप 1500 के दर से 6000 रुपये और प्रतिमाह लगभग 1 लाख है। इससे ग्रामीण आजीविका बढ़ी है। महिलाओं को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। सामाजिक कार्य शिक्षा, स्वास्थ, पेयजल एवं जागरुकता, पर्यावरण सरंक्षण आदि कार्य किया जाना है। इसी क्रम में पूर्व माध्यमिक शाला परिसर मे कैम्प लगाकर सामाजिक कार्य जिसमें स्व्च्छता एवं साफ-सफाई, वृक्षारोपण एंव जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# विकसित भारत मिशन से आत्मनिर्भर बनेंगे गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिरपोटी में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) के तहत एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर एवं दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भारत गांवों का देश है और गांव मजबूत होंगे तभी देश आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने बताया कि यह मिशन ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के साथ-साथ आजीविका को सुदृढ़ करने की दिशा में एक अहम पहल है। विधायक चंद्राकर ने कहा कि जहां मनरेगा में 100 दिनों के रोजगार की गारंटी है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसे बढ़ाकर 125 दिनों तक रोजगार सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और पलायन पर भी रोक लगेगी। उन्होंने यह भी बताया कि योजना के तहत कार्य पूर्ण होने के सात दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया गया है, जिससे मजदूरों और किसानों को समय पर उनकी मेहनत का लाभ मिलेगा।

# Market watch

## बाजार की हर हलचल पर पैनी नजर




बदलते आर्थिक परिदृश्य के बीच बाजार की गतिविधियों पर नजर रखना बेहद जरूरी हो गया है। शेयर बाजार, सोना-चांदी, पेट्रोल-डीजल, अनाज और अन्य जरूरी वस्तुओं के दामों में रोजाना उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। मार्केट वॉच के माध्यम से आपको बाजार की ताजा स्थिति, कीमतों में बदलाव, कारोबार की रफ्तार और व्यापार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सरल और सटीक रूप में उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि आम उपभोक्ता और व्यापारी दोनों सही निर्णय ले सकें।







# भिलाई में 21 फरवरी से होगा शहीद कप फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट

## खेल के साथ राष्ट्रभक्ति और मनोरंजन का अनोखा संगम

वीर शहीदों की स्मृति और सम्मान में पदुमनगर, भिलाई-3 में शहीद कप फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 21 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक आयोजित होगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना, राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना तथा वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना है।

आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट को बड़े स्तर पर आयोजित करने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें हिस्सा लेंगी, जिनके बीच 23 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

सभी मैच फ्लड लाइट की रोशनी में आयोजित होंगे, जिससे खिलाड़ियों के साथ-साथ दर्शकों को भी रात में रोमांचक क्रिकेट देखने का अवसर मिलेगा। आयोजन को व्यवस्थित और सफल बनाने के लिए समिति द्वारा 30 से 40 वॉलेंटियर तैनात किए जाएंगे, जो मैदान व्यवस्था, खिलाड़ियों की सुविधा और दर्शकों के प्रबंधन में सहयोग करेंगे।




### निर्धारित स्थल और मैच का प्रारूप

यह टूर्नामेंट एप्रोच गैस एजेंसी के पास, वर्मा चौक, पदुम नगर, भिलाई-3 में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले 10-10 ओवर के होंगे, जिससे खेल तेज और रोमांचक बना रहेगा। प्रतिदिन तीन मुकाबले आयोजित किए जाएंगे, जिससे दर्शकों को लगातार खेल का आनंद मिल सके। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीमों के लिए 10,000 रुपए एंट्री फीस निर्धारित की गई है।

### विजेता टीमों और खिलाड़ियों के लिए आकर्षक पुरस्कार

टूर्नामेंट को और अधिक प्रतिस्पर्धात्मक और प्रेरणादायक बनाने के लिए विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

| | |
|---|---|
| **प्रथम पुरस्कार –** | **1,00,000 रुपए** |
| **द्वितीय पुरस्कार –** | **51,000 रुपए** |
| **तृतीय पुरस्कार –** | **21,000 रुपए** |

इसके अलावा खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित करने के लिए व्यक्तिगत पुरस्कार भी रखे गए हैं।

| | |
|---|---|
| मैन ऑफ द सीरीज – | 11,000 रुपए |
| बेस्ट बैट्समैन – | 5,100 रुपए |
| बेस्ट बॉलर – | 5,100 रुपए |

प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया जाएगा।

### दर्शकों के लिए भी रहेगा विशेष आकर्षण

आयोजक समिति ने इस बार टूर्नामेंट को दर्शकों के लिए भी खास बनाने की योजना बनाई है। प्रतिदिन मैच के दौरान लकी ड्रा योजना आयोजित की जाएगी। दर्शकों को अपना नाम और मोबाइल नंबर कूपन में लिखकर बॉक्स में डालना होगा।

इसके बाद लॉटरी के माध्यम से रोजाना विजेताओं का चयन कर उन्हें आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। वहीं टूर्नामेंट के अंतिम दिन दर्शकों के लिए विशेष मेगा पुरस्कार भी रखा गया है।

### शहीदों के परिवारों का होगा सम्मान

टूर्नामेंट के समापन और फाइनल मुकाबले के दिन वीर शहीदों के परिवारों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर शहीदों के परिजनों को स्मृति चिन्ह एवं विशेष उपहार प्रदान कर उनके बलिदान को नमन किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में देशभक्ति और सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं।

### समिति और मीडिया का मिल रहा सहयोग

यह भव्य आयोजन समिति के संयोजक लोकेश पाण्डेय के नेतृत्व में किया जा रहा है। आयोजन में इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल एवं सोशल मीडिया पार्टनर्स का विशेष सहयोग मिल रहा है, जिससे टूर्नामेंट को व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार मिलेगा और अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ सकेंगे।

### खेल प्रेमियों से की गई अपील

आयोजकों ने क्षेत्र के खेल प्रेमियों, युवाओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएं और वीर शहीदों की स्मृति में आयोजित इस आयोजन को सफल बनाएं।

आयोजकों का कहना है कि यह टूर्नामेंट केवल खेल प्रतियोगिता ही नहीं बल्कि राष्ट्रभक्ति, सामाजिक एकता और युवा ऊर्जा का प्रतीक भी होगा।

## खबर संक्षेप

### जनसंपर्क अभियान आज

**अंजोरा।** आलबरस में जनसंपर्क अभियान 6 फरवरी को सुबह 10 बजे से आयोजित है। जिसमें जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के उपाय करने के उद्देश्य से शामिल होंगी। सरपंच भुवन लाल देशमुख ने सभी ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की है।



### निधन

### ललित चंद्र सांगाणी

**दुर्ग।** पद्मनाभपुर निवासी ललित चंद्र सांगाणी 79 वर्ष का गुरुवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे ताराचंद सांगाणी के बड़े भाई एवं प्रणेश सांगाणी के पिताजी थे। स्व. ललित चंद्र सांगाणी कांतिलाल ज्वेलर्स के संचालक एवं गुजराती समाज दुर्ग के सक्रिय सदस्य थे।



## स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग का वितरण केंद्र स्तरीय आयोजन

# रजत जयंती समारोह में सम्मानित किए गए बिजली उपभोक्ता, सराही गई उत्कृष्ट सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के द्वारा वितरण केंद्र स्तर का समारोह का आयोजन ग्राम सेलूद (कर्मा भवन) में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रामसुमेर छेदेय्या जनपद सदस्य जनपद थे।

अध्यक्षता खिलेश बबलू मारकंडे ग्राम पंचायत सेलूद ने की। विशेष अतिथि रोशनी सोनू राय सरपंच ग्राम पंचायत चुनकट्टा, अजय सिंह राजपूत उप सरपंच चुनकट्टा, तोरण साहू सरपंच गोडपेंड्री, भुनेश्वर साहू,सरपंच पतोरा, महेश साहू सरपंच मानिकचौरी के विशिष्ट अतिथियों मे संपन्न हुआ। इसके अतिरिक्त दो वर्ष में लगातार विद्युत बिल का भुगतान करने वाले 30 उपभोक्ताओं को तथा सोलर कनेक्शन लेने वाले प्रथम पांच उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड उप संभाग सेलूद के सहायक अभियंता भूपेश कुमार वर्मा, कनिष्ठ अभियंता सेलूद हेमंत देशमुख , कनिष्ठ अभियंता जामगांव आर , ऋचा साहू एवं वितरण केंद्र सेलूद के विद्युत कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सोलर कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं का भी सम्मान




### 25 वर्ष की यात्रा सेवा, समर्पण और विकास की मिसाल: कीर्ति नायक



**सेलूद।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष तथा छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीएल) के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित रजत जयंती समारोह में जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष श्रीमती कीर्ति नायक मुख्य अतिथि थीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सीएसपीडीएल केवल एक संस्था नहीं, बल्कि उन कर्मयोगियों का परिवार है, जो हर परिस्थिति में छत्तीसगढ़ को रोशन रखने का दायित्व निभाते हैं। अध्यक्षता नीलम राजेश चंद्राकर, सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने की। अति विशिष्ट अतिथि कमलेश वर्मा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पाटन एवं कुसुमलता राकेश आडिल थे।विशेष अतिथि सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर एवं राजा पाठक थे।

## बिजनेस लाइन सेरेब्रेशन कॉर्पोरेट क्विज़ में शालिनी को मिला तृतीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



बीएसपी की जनसंपर्क विभाग की उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया ने हैदराबाद में आयोजित द हिंदू बिज़नेस लाइन सेरेब्रेशन कॉर्पोरेट क्विज़ में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न कॉर्पोरेट संगठनों से जुड़े अधिकारियों एवं पेशेवरों ने भाग लिया। प्रतिभागियों की व्यावसायिक समझ, वित्त, अर्थशास्त्र, समसामयिक घटनाओं एवं विश्लेषणात्मक क्षमता का परीक्षण किया गया। शालिनी ने अपने ज्ञान और समसामयिक विषयों पर सटीक पकड़ के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)

वाद क्रमांक Succ 14/26

न्यायालय (श्रीमती कामिनी जायसवाल), तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक- मनोज कुमार साहू, अनावेदक- (1) शाखा प्रबंधक युको बैंक (2) आम जनता

बनाम- आमजनता

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरुद्ध आवेदक पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 10 माह 3 सन् 2026 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक. 03/2/26
को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जज
(श्रीमती कामिनी जायसवाल)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला दुर्ग (छ.ग.)

### प्रेस - विज्ञापन

**विषयः- सीमांकन बाबत्।**


एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसीलदार के आ. क्र. 254, दिनांक 29/01/2026, के पालन में ग्राम सिकोला प.ह.न. 17, भूमिस्वामी रजिन्दर कौर, पति हरमीत सिंह, निवासी कादम्बरी नगर, दुर्ग, द्वारा आवेदित ग्राम सिकोला, स्थित भूमि खसरा नं. 294/355, रकबा 0.0279 हे. का सीमांकन किया जाना है, जिसकी चौहद्दी सीमा उत्तर में ललन प्रसाद शर्मा की जमीन, दक्षिण में लखवीर सिंह की जमीन, पूर्व में रास्ता, तथा पश्चिम में बाकेराज का मकान स्थित है। उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 13/02/2026 को पूर्वान्ह / अपरान्ह 01:00 बजे किया जावेगा। उक्त खसरा नं. के जितने टुकड़े हुए है, उन भूमिस्वामीयों को उस खसरा नं. भूमि में कोई भी भूमि स्वामी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के वैध दस्तावेज नक्शा, खसरा ले-आउट तथा रजिस्ट्री प्रतिलिपि सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। तत् पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**जारी दिनांक : 05/02/2026**

राजस्व निरीक्षक
सिकोला
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

## बिजनेस साइट

### 10वीं, 12वीं व स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर



**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत एफएसडीएमआई भिलाई मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है। फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी आफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं। अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार, भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था एफएसडीएमआई भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकलो प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएना प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के एससी, एसटी, ओबीसी, जनरल संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)

वाद क्रमांक Succ 15/26

न्यायालय (श्रीमती कामिनी जायसवाल), तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)

आवेदक- बसंत साहू वगै. अनावेदक-(1) शाखा प्रबंधक युको बैंक (2) आम जनता

बनाम- आमजनता

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरुद्ध आवेदक पत्र अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 10 माह 3 सन् 2026 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक. 03/2/26
को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जज
(श्रीमती कामिनी जायसवाल)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)

मुहर

### दो दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता कल से

**सेलूद।** ज्ञान सरोवर मानस गान समिति ग्राम छाटा में दो दिवसीय भव्य मानस गान प्रतियोगिता एवं सम्मेलन का आयोजन 7 फरवरी से किया गया है। सुबह 10 बजे से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा होंगे। अध्यक्षता जितेन्द्र वर्मा प्रदेश मंत्री भाजपा करेंगे। विशेष अतिथि कीर्ति नायक जनपद अध्यक्ष पाटन, डुलेश्वर मानकुर सभापति जनपद पाटन, संध्या वर्मा पूर्व जनपद सदस्य पाटन, कमलेश चेलक सरपंच ग्राम पंचायत छाटा ,उमा विरेन्द्र चेलक उपसरपंच ग्रा. पं. छाटा होंगे। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में 8 फरवरी रविवार को रात 8.30 बजे मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री होंगे।








विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




संकलनकर्ता : सुरेन्द्र यादव, हरिभूमि संवाददाता - धमधा, मो.: 9179258316


जय जोहार
जय छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं
अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण
की बैठक में पधारें
मा. विष्णुदेव साय जी
एवं सभी अतिथियों का
दुर्ग की पावन नगरी में
स्वागत एवं अभिनंदन
ललित चंद्राकर
विधायक - दुर्ग ग्रामीण
उपाध्यक्ष - छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं
अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक
• दिनांक : 6 फरवरी 2026 (सुबह 11.00 बजे) • स्थान : PWD मीटिंग हॉल, जी.ई. रोड, दुर्ग (छत्तीसगढ़)
भाजपा
विनीत : भारतीय जनता पार्टी, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)
भाजपा

हरिभूमि लाइव


रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129




04



चाहती हैं अट्रैक्टिव लुक तो स्टाइल...


लाइव इवेंट

## हेमचंद विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में जीडी रुंगटा कॉलेज के 9 छात्र-छात्राएं



**भिलाई।** जीडी रुंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के छात्र-छात्राओं ने हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की हाल ही में जारी मेरिट सूची में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी स्ट्रीम में टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया है। बीसीए पाठ्यक्रम में रिया वर्मा ने 82.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय में छठा स्थान हासिल किया। वहीं गुरमीत सिंह ने 82.8 प्रतिशत अंकों के साथ सातवां स्थान हासिल किया है। बीबीए में गुरजीत कौर ने 78.80 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया। इसी पाठ्यक्रम में अफशान बानो ने 72.41 प्रतिशत अंकों के साथ सातवां स्थान पाया है। बीएससी बायोटेक्नोलॉजी में बुशरा इकबाल अंसारी ने 79.94 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में आठवां स्थान हासिल किया है। एमएससी बायोटेक में देविका वर्मा एवं वर्षा सोनबर ने समान रूप से 78.66 प्रतिशत अंक अर्जित कर विश्वविद्यालय में चौथा स्थान हासिल किया है। बीकॉम में आर्य जायसवाल ने 74.33 प्रतिशत अंकों के साथ दसवां स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त बीएससी कंप्यूटर साइंस में पारुल सिन्हा ने 81.66 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। सभी विद्यार्थियों ने यह साबित किया है कि मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से उच्च उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। छात्र छात्राओं की इस उपलब्धि पर रुंगटा ग्रुप के चेयरमेन संतोष रुंगटा, डायरेक्टर डॉ. सौरभ रुंगटा, सोनल रूंगटा, डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी, प्राचार्य डॉ. नीमा एस बालन और सभी फैकल्टी ने हर्ष व्यक्त किया।

लाइव इवेंट

## क्रिकेट टूर्नामेंट में अमन को मिला मैन ऑफ द सीरीज का खिताब



**भिलाई।** बी एन आई भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में व्यापारियों के बीच 2 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन वैशाली नगर के फ्लड लाइट ग्राउंड में किया गया। फ्लड लाइट की दूधिया रोशनी में बी एन आई के इंटर चेप्टर स्पर्धा की शुरुआत दुर्ग सांसद विजय बघेल द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई।

बी एन आई के चारों टीम एविएटर, बेंचमार्क, क्रिएटर, स्ट्रीम चेप्टर ने 2-2 मैच खेला। आपस के इस खेल में स्पर्धा बहुत ही रोमांचक स्तर पर खेलते हुए बेंचमार्क एवं क्रिएटर्स की टीम ने आखिरकार फाइनल में अपना स्थान प्राप्त किया।

फाइनल मैच बेंचमार्क और क्रिएटर्स के मध्य खेलते हुए बेंचमार्क ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लेकर बल्लेबाज बेंचमार्क के अमन परिहार ने 3 चौके एवं 10 छक्कों की मदद से 10 ओवर में 116 रनों का लक्ष्य क्रिएटर्स की टीम को दिया। क्रिएटर्स के बल्लेबाज ने शुरुआत में बल्लेबाजी से लक्ष्य की ओर बढ़ते प्रयासों के बावजूद 10 ओवर में 77 रन ही प्राप्त किया, इससे फाइनल मैच 39 रनों से बेंचमार्क की टीम ने इस टूर्नामेंट में अपना विजय का परचम लहराते हुए कप पर अपना कब्जा जमाया।

बी एन आई भिलाई दुर्ग द्वारा इस क्रिकेट टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का खिताब बेंचमार्क टीम के अमन परिहार को प्राप्त हुआ। टूर्नामेंट में विशेष रूप से भिलाई निगम सभापति गिरवर बंटी साहू, उज्वल दत्ता भिलाई वर्कर यूनियन के अध्यक्ष, भोजराज सिन्हा नेता प्रतिपक्ष भिलाई नगर निगम,

सर्व समाज अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, बृजमोहन सिंह पूर्व साडा उपाध्यक्ष, गार्गी शंकर मिश्रा चेंबर ऑफ कॉमर्स, अभिषेक मिश्रा पार्षद ने ग्राउंड में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। बी एन आई के इस खेल टूर्नामेंट के लिए बी एन आई भिलाई दुर्ग के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर भूपेंद्र कुमार नेमा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## छग स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह रिसाली में 8 को

**भिलाई।** सतनाम समिति भिलाई के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन और सम्मान समारोह का आयोजन 8 फरवरी को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से आयोजित अतिथि आगमन, स्वागत, उद्बोधन और सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा प्रमुख रुप से उपस्थित रहेंगे।

विशेष अतिथि पार्षद चंदेश्वरी बांधे, छत्तीसगढ़ सतनामी समाज महिला विंग अध्यक्ष डॉ. पार्वती कुर्रे, युवा अध्यक्ष सत. समाज दुर्ग संभाग शीतल कोठारी, सतनाम भवन सेक्टर 6 भिलाई अध्यक्ष बी. एल. कुर्वे, सतनामी महिला जागृति समिति भिलाई अध्यक्ष पार्वती ढीढ़ी, तहसील सतनामी समाज दुर्ग उपाध्यक्ष बसंती गायकवाड़, अहेन्द्र चेलक महासचिव युवा सतनामी समाज रायपुर छ. ग., रामेश्ववी दिवाकर गायकवाड़, सतनाम भवन रिसाली भिलाई अध्यक्ष डी. आर. गुलशन सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

डी. पी .एस .दुर्ग के 21वें वार्षिक समारोह अभिव्यक्ति में बच्चों ने दिया आत्मविश्वास और रचनात्मकता का परिचय,

# डांस और ड्रामा परवरिश में दिखाया संघर्ष से सफलता तक का सफर बच्चों ने चिक-चिक, बूम-बूम गाने पर नन्हे कदमों के साथ मिलाई ताल

दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग में प्री प्राइमरी विंग, पहली और दूसरी क्लास के बच्चों द्वारा अपने 21वें वार्षिक समारोह को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया। अभिव्यक्ति द एक्सप्रेशन की थीम पर आयोजित समारोह बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और व्यक्तिगत प्रतिभा को उजागर करने के लिए आयोजित किया गया था।

इस दौरान जब प्री नर्सरी और नर्सरी के बच्चों ने चिक-चिक, बूम-बूम गाने पर अपने नन्हें कदमों के साथ ताल से ताल मिलाया तो आयोजन स्थल का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम हिंदी नृत्य नाटिका परवरिश- संघर्ष से सफलता तक के मुख्य आकर्षक का केंद्र रहा। जिसमें यूकेजी के बच्चों ने मेहनत और धैर्य के माध्यम से सफलता की यात्रा प्रस्तुत की और दर्शकों को भी प्रेरित किया। वहीं क्लास 1 के बच्चों द्वारा छत्तीसगढ़ी फोक डांस में बच्चों ने लोक पारंपरिक वेशभूषा में राउत नाचा, पंथी और गेड़ी नृत्य कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।



**भिलाई।** एलकेजी के बच्चों ने गुलशन ए काश्मिर की थीम पर बूमरों बूमरों शाम रंग बूमरों गीत में वहां की पारंपरिक वेशभूषा में डांस कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसके बाद क्लास 2 के बच्चों ने रिदम एंड फन की थीम पर भारत के इतिहास से लेकर विश्वगुरु बनने तक का सफर और योग कर फिट रहने के साथ ही बच्चियों ने आत्मरक्षा के गुर का बेहतरीन प्रदर्शन किया। मिक्की माउस के ड्रेसअप में नन्हें बच्चों ने भी पूरी भाव-भंगीमाओं के साथ शानदार प्रस्तुति देकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग डीपीएस निदेशक और प्रधानाचार्य पुनीता नेहरू, शिक्षक और स्कूली बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई।



### टीचर्स और पेरेंट्स को मिली सराहना

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए निदेशक पुनीता नेहरु ने अभिभावकों को समझाइश देते हुए कहा कि बच्चों को एकेडमिक के साथ-साथ कल्चरल एक्टीविटी में भी पार्टीसिपेट करने प्रोत्साहित करे, जिससे बच्चों का रुझान पता चल सके और वे देश के सशक्त युवा बन सके। श्रीमती पुनीता ने आयोजन में नन्हें बच्चों के शानदार परफार्मेंस के लिए टीचर्स और पेरेंट्स के सहयोग की सराहना की।

### यलो ड्रेस में चिक-चिक, बूम-बूम, मिक्की माउस पर दी प्रस्तुति

कार्यक्रम का विषय अभिव्यक्ति द एक्सप्रेशन रखा गया था। जिसमें प्री नर्सरी, नर्सरी, एलकेजी, क्लास 1 और 2 के लगभग 600 बच्चों ने पार्टिसिपेट कर अपने आत्मविश्वास, रचनात्मकता और व्यक्तिगत प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान प्री नर्सरी और नर्सरी के बच्चों ने यलो ड्रेस में चिक-चिक, बूम-बूम गाने पर अंडे से चूजे निकलने और बड़े होने का प्रदर्शन किया। उत्साही गीत एक्शन सॉन्ग शाइन योर वे, 'चिकन डांस', 'मिकी मिन्नी', 'रिदम और फ़न में बच्चों ने जीवन में फिटनेस के महत्व को दिखाया। छत्तीसगढ़ी और काश्मरी नृत्य में भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत को दर्शाया। कार्यक्रम में आकर्षक का केंद्र रहे हिंदी नृत्य नाटिका परवरिश- संघर्ष से सफलता तक में यूकेजी के बच्चों ने मेहनत और धैर्य के माध्यम से सफलता की यात्रा प्रस्तुत की।



### भारत फिर सोने की चिड़िया और विश्वगुरु बनने को तैयार- विधायक ललित




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित ने नन्हें बच्चों की परफार्मेंस देखकर भारत को पुनःसोने की चिड़िया और विश्वगुरु बनाने की बात कहते हुए कहा कि किसी भी स्कूल का एनुवल डे बच्चों और शिक्षकों को प्रोत्साहित करने का सुअवसर होता है। यह एक ऐसा पल होता है जिसमें सभी क्लास के शिक्षक, स्टॉफ और अभिभावक एक परिवार की तरह मिलते है। यह मंच सभी को हर साल नया बहुत सिखाता ही है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से कहा कि बच्चें गीली मिट्टी की तरह होते है, उन्हें जो दिखाया और सिखाया जाता है वो वैसे ही बनते है, इसलिए बच्चों के सामने हमेशा अच्छे आचरण कर उन्हें संस्कारी बनाएं और अपशब्द न कहे। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न करते हुए व्यवहारिक और प्रेक्टिकल की ओर ध्यान देने पर जोर देने को कहा।

## कोलकाता पुस्तक मेला में भिलाई के साहित्यकारों की किताबों का विमोचन

**भिलाई।** आंतर्जातिक पुस्तक मेला कोलकाता में इस्पात नगरी भिलाई के साहित्यकारों की कृतियों का विमोचन किया गया। मधुसूदन सभागार, विवेकानंद रोड, कोलकाता में ज्ञानदा प्रकाशन के आमंत्रण पर भिलाई से पहुंचे कवि, लेखक पल्लव चटर्जी, गोबिंद पाल, प्रकाश चन्द्र मण्डल और मध्य वलय के सम्पादक दुलाल समाद्दार और बेबी हालदार का सम्मान करते हुए विमल माइती ने इसे अविस्मरणीय समागम कहा। इस दौरान आंतर्जातिक साहित्यकार बेबी हालदार दवरा पुस्तक पल्लव चटर्जी की बंग्ला कविता समयेर अनुभूति, प्रकाश चंद्र मंडल की एखोनो अनेकटा पथ बाकि और गोबिंद पाल की निर्वाचित श्रेष्ठ बंगला कविता पुस्तक का विमोचन हुआ। सभा के अंत में प्रकाश ने आयोजक विमल माइती का भिलाई से पहुंचे सभी कवियों लेखकों, साहित्यकारों के तरफ से आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। पल्लव चटर्जी ने उन्हें भिलाई आने का निमंत्रण दिया। यहां दुर्वासा स्टाल पर पल्लव चटर्जी की किताब समयेर अनुभूति, दीपाली दासगुप्ता की आलो -



आंधार और दुलाल समाद्दार की निर्वाचित कविता को पाठक वर्ग के लिए खास तौर पर प्रदर्शित किया गया।

## बेटी के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन, 202 यूनिट ब्लड कलेक्ट

**दुर्ग।** एक पिता का अपनी बेटी को लेकर प्यार ऐसा कि हर साल बिटिया परी के जन्मदिवस को यादगार बनाने और सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देने के उदेश्य से पिता ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में करीब 202 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। यह ब्लड सिकलिंग, थैलेसिमिया, गर्भवती महिलाओं को जरुरत के समय उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ तृपेश शर्मा की इकलौती पुत्री परी के 14 वें जन्मदिवस पर यह शिविर लगाया गया। शिविर में रूंगटा डेटल कॉलेज, पुलिस लाइन, रक्षित निरीक्षक केन्द्र, परिश्रमी सामाजिक समिति दिशा, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, चेम्बर ऑफ कार्मस, सेव इंडियन



फैमिली, नव दृष्टि फाउंडेशन, मोबाईल एशोसिएशन ने सहयोग किया। वर्ष 2021 को 110 यूनिट, वर्ष 2022 को 101 यूनिट, वर्ष 2023 को 147 यूनिट, वर्ष 2024 को 213 यूनिट, वर्ष 2025 को 202 यूनिट एवं वर्ष 2026 को 202 यूनिट रक्तदान किया गया। उमेश कुमार भागवतकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा कहा कि यह प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर, श्याम शर्मा, सुरेन्द्र कौशिक, इंद्रजीत सिंह, सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, सीएस डॉ. आशीषन कुमार मिंज सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

बारहवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह संपन्न

# विद्यालय के अनुभव किए साझा, फेयरवेल में हुए भावुक, साड़ी और सूट-बूट में ली फोटो

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दुर्ग में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया था। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर कई गेम्स भी खेले और स्कूल में बिताएं सुनहरे पलों को याद किया। कार्यक्रम में 12वीं की छात्राएं साड़ी तो वही छात्र सूट-बूट में पहुंचे थे। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के आर्शिवाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा दी गई। जिनमें गीत, नृत्य और मजेदार गेम्स शामिल थे।

विद्यालय के प्रबंधन समिति के निर्देशक बृजमोहन उपाध्याय, इंफ्रास्ट्रक्चर निर्देशक मनीष तिवारी, एकेडमिक डायरेक्टर एवं प्राचार्या दीप्ति तिवारी, संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए आगामी बोर्ड परीक्षाओं और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।







### स्कूल का प्रांगण रहा गुलजार

विदाई कार्यक्रम का आयोजन कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिससे विद्यालय का प्रांगण उत्साह और भावनाओं से भरा रहा। विद्यार्थियों ने अपने विद्यालय जीवन के अनुभव साझा किए, जिससे वातावरण भावुक हो उठा। इस अवसर पर 12वीं के छात्रों को विभिन्न टाइटल प्रदान किए गए। जिससे कार्यक्रम और भी रोचक बन गया। अंत में आभार व्यक्त करने के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। स्कूल के दिनों की इन लेकर यादगार पलों को संजोए रखने ग्रुप फोटो और खूब सेल्फी भी बच्चों द्वारा ली गई। विदाई समारोह का यह पल सभी के लिए अविस्मरणीय रहा।

## धर्म लाइव

# चित्रकला और मूर्तिकला के लिए मां कौशल्या राष्ट्रीय अवार्ड करें शुरू



**भिलाई।** मध्य प्रदेश कालिदास राष्ट्रीय पुरस्कार की तरह छत्तीसगढ़ में भी माता कोसल्या राष्ट्रीय पुरस्कार शुरू करने की मांग संस्कृति सचिव डॉ. रोहित यादव से की गई। इस दौरान राज्य के मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी, बी.एल. सोनी, साहित्यकार मेनका वर्मा, फोटोग्राफर प्रवीण कालमेघ, गुंजन शर्मा एवं छत्तीसगढ़ से ललित कला अकादमी, नई दिल्ली में प्रथम बोर्ड मेंबर डॉ. अंकुश देवांगन मौजूद थे। भारत के लगभग हर राज्यों में ललित कलाओं से संबंधित चित्रकला और मूर्तिकला को प्रमोट करने के लिए पुरस्कारों की व्यवस्था की गई है। लेकिन छत्तीसगढ़ में खैरागढ़ जैसा एशिया का पहला विश्वविद्यालय होने के बावजूद कोई पुरस्कार नहीं है। संस्कृति सचिव ने इसे बहुत ही अच्छी मांग बताया और कहा कि वे इस पर प्रमुखता से ध्यान देंगे। कलाकारों ने संस्कृत सचिव के साथ हुई विस्तृत चर्चा में बताया कि माता कोसल्या छत्तीसगढ़ की रहने वाली थी। जिसके कारण यहां के समस्त निवासी भगवान श्री राम को भांजे के रूप में पूजा करते हैं और भांजे के चरण पखारने की प्रथा पूरे विश्व में यहीं पाई जाती है। मध्यप्रदेश कालिदास नेशनल अवार्ड की तरह यहां भी रामायण ग्रंथ में वर्णित श्लोकों के आधार पर पारंपरिक और लोककला में चित्र तथा मूर्तिकला की प्रतियोगिता की जा सकती है। डॉ. अंकुश देवांगन ने कहा कि वर्तमान में भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण के अभूतपूर्व दौर से गुजर रहा है। ऐसे में माता कोसल्या नेशनल अवार्ड की स्थापना प्रासंगिक है। इस पुरस्कार की मांग पर खैरागढ़ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं प्रोफेसरों और भारतीय कला जगत से जुड़े हुए समस्त कलाकारों ने हर्ष व्यक्त किया है। मुलाकात के दौरान चित्रकार डी.एस. विद्यार्थी द्वारा बनाए गए छत्तीसगढ़ी सरस्वती माता का तैलचित्र संस्कृति सचिव को भेंट दिया गया।

● कथा के चौथे दिन कथावाचक पं. ऋषभदेव ने कृष्ण की बाल लीलाओं का किया बखान

# कुरुद में भागवत कथा, कृष्ण जन्मोत्सव पर जमकर गाई बधाइयां, थिरके भक्त

**भिलाई।** भिलाई में वार्ड 22 कुरुद में कुरुद तालाब के बगल से स्थित शिव शक्ति धाम मंदिर परिसर में इन दिनों भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के चौथे दिन आचार्य ऋषभदेव जी महाराज ने भक्त प्रहलाद और कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। उन्होंने भक्तों को बताया कि अधर्म पर धर्म की विजय कैसे होती है। कथा के माध्यम से यह भी समझाया कि भक्त और भगवान का संबंध कैसा होना चाहिए। उन्होंने बताया कि भक्त का भगवान के प्रति समर्पित होने का भाव निश्चल होना चाहिए। कथाव्यास के द्वारा गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनकर भक्त काफी खुश हुए। चंद्र वंश का वर्णन श्रीरामचंद्र और उनके भाइयों का जन्म उत्सव एवं भगवान श्रीकृष्ण जी का जन्मोत्सव झांकी के द्वारा कथा के दौरान मनाया गया। इस दौरान भक्तों ने खूब बधाइयां गाईं।







### नन्हे बाल कृष्ण को देख गदगद हुए भक्त

झांकी के दौरान वासुदेव एक नवजात बालक की झांकी निकाली। उस बालक को कृष्ण के बाल रूप में देखकर भक्त इतने गदगद हुए की वो खुशी के मारे नाचने लगे। उन्होंने बधाइयां गाना शुरू किया और जमकर पुष्पवर्षा की गई। इसके बाद कथाव्यास ऋषभ देव ने नन्हें बाल कृष्ण को अपनी गोदी में लेकर सभी भक्तों को कृष्ण के बालरूप के दर्शन कराए।

### किया गया विशेष आरती का आयोजन

कथा के दौरान बनारण से आए आचार्य मनीष जी के द्वारा बनारस की कर्ज पर विशेष आरती का आयोजन किया गया। उन्होंने धूप आरती, सुगंध आरती और महाआरती के द्वारा पूरे कथा पांडाल को भक्तिमय कर दिया।

### अलग-अलग भजन सुनने की भक्तों ने की मांग

कथा के दौरान आचार्यों के द्वारा प्रातः काल से दिव्य मंत्रों के साथ वेदी पूजन और मूल पाठ का पारायण होता है। अचार्य सुनील मिश्रा, आचार्य विवेक पांडे, अचार्य अनुज शास्त्री बनारस से श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होने आए हुए हैं। कथा के दौरान इनके द्वारा इतना सुंदर भजन गाया जा रहा है कि भक्तों द्वारा बार बार भजन गाने की मांग की जा रही है। भक्त उनके भजनों में जमकर नाच रहे हैं।

## सिटी इवेंट

# डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी प्रतियोगिता में दस टीमों ने लिया भाग



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा वर्किंग टु गेदर ऐज़ वन सेल कोलैबोरेट, परफॉर्म एंड एक्सेल विषय पर युवा प्रबंधकों के लिए डायरेक्टर इन-चार्ज/चेयरमैन ट्रॉफी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नामाकंन पेश करने वाली 10 टीमों ने चयन समिति के समक्ष अपनी प्रस्तुतियाँ दीं।

■ बीएसपी की विजेता टीम चेयरमैन ट्रॉफी के लिए चयनित

चयन समिति में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार अध्यक्ष और योगेश शास्त्री व ए. राजीव रहें व संजीव कुमार श्रीवास्तव सदस्य थे। चयनित 3 शीर्ष तीन टीमों एक विजेता व दो उपविजेता टीमें शामिल हैं। विजेता टीम एमटीआई, रांची में आयोजित होने वाली सेल स्तरीय "चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स में बीएसपी का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रथम स्थान एजीएम अरिंदम कर, वरिष्ठ प्रबंधक अनूप कुमार सिंह एवं वरिष्ठ प्रबंधक के पवन कुमार के टीम ने प्राप्त किया। प्रथम उपविजेता वरिष्ठ प्रबंधक चेतन अशोक फुटाने, वरिष्ठ प्रबंधक फिलोमिना एक्का तथा उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया कि टीम रहीं। द्वितीय उपविजेता, तृतीय स्थान पर वरिष्ठ प्रबंधक भवनीत कृष्णा, वरिष्ठ प्रबंधक हिमांशु वर्मा तथा एजीएम अजय नाथ जी पिल्लई की टीम रही।

## कॉलेज में छात्र विकास कार्यक्रम

# आंतरिक क्षमताओं को पहचानने व अपनी कमियों को सुधारने के बताए तरीके



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अजय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में आज साफ्ट स्किल सीखाने के उद्देश्य से छात्र विकास कार्यक्रम का राधा कृष्णन हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व को निखारना और उन्हें भविष्य की पेशेवर चुनौतियों के लिए तैयार करना है।

महाविद्यालय के डॉ. राधा कृष्णन हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विभिन्न संकायों के कुल 170 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह कार्यक्रम 10 फरवरी तक, सोमवार से शनिवार, सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के पहले दिन प्राचार्य ने छात्रों को प्रोत्साहन देते हुए भविष्य में इसी तरह की भागीदारी रखते हुए विभिन्न तरह के क्लब बनाने और सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष द्वारा प्रो. मर्सी जॉर्ज ने मुख्य वक्ता के रूप में छात्रों का मार्गदर्शन किया।

इस गतिविधि के माध्यम से छात्रों को अपनी आंतरिक क्षमताओं को पहचानने, अपनी कमियों को सुधारने और बाहरी अवसरों का लाभ उठाने के वैज्ञानिक तरीकों के बारे में बताया गया। डॉ. जॉर्ज ने समझाया कि आत्म-जागरूकता ही व्यक्तिगत विकास की पहली सीढ़ी है। यह छात्र विकास कार्यक्रम केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों को कॉर्पोरेट जगत और व्यावहारिक जीवन के लिए तैयार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आने वाले दिनों में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग कार्यक्रम की संयोजक डॉ. निगार अहमद तथा अन्य सभी प्राध्यापकगण डॉ .तरलोचन कौर, डॉ मीना मान , डॉ सीमा पंजवानी, डॉ राजश्री नायडू डॉ मोनिका शर्मा एवं डॉ. कुंदन कुमार यादव उपस्थित रहे। अंग्रेजी विभाग के स्नातकोत्तर छात्र एवं छात्राओं ने वॉलेंटियर के रूप में पूर्ण प्रतिभागिता निभायी एवं कार्यक्रम को संचालित किया।

## फेडरेशन का कार्यक्रम

# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने मनाया सम्मान समारोह



**पाटन।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फ़ेडरेशन, पाटन के तत्वावधान में आज स्थानीय विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) पाटन में 'नव वर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह' का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमल वर्मा प्रांतीय संयोजक, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ थे। अध्यक्षता राजेश चटर्जी संभाग प्रभारी, छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं प्रांताध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ ने की। विशिष्ट अतिथि चंद्रशेखर चन्द्राकर प्रांतीय उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन और जागेन्द्र साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी पाटन थे। स्वागत भाषण में फेडरेशन की संगठनात्मक जानकारी महेन्द्र कुमार साहू संयोजक ने दी।

## शाम-ए-ग़ज़ल का आयोजन 8 फरवरी को

**भिलाई।** प्रगतिशील जन-विचारधारा की साहित्यिक संस्था 'आरंभ' के तत्वावधान में 'शाम-ए-ग़ज़ल' का आयोजन रविवार 8 फरवरी को किया जा रहा है। 'आरंभ' के अध्यक्ष प्रदीप भट्टाचार्य ने बताया कि दोपहर 1.30 बजे भिलाई निवास (इंडियन कॉफी हाउस सभागार) में आयोजन किया गया है, जिसमें अब्दुल लतीफ़ खान, अब्दुल सलाम कौसर, सुखनवर हुसैन, आलिम नकवी, आर. डी. अहिरवार, पूरन जायसवाल, इरफ़ानुद्दीन इरफ़ान, डॉ. नौशाद अहमद सिद्दीकी 'सब्र', राकेश गुप्ता 'रुसिया' और शाहीन अंसारी आमंत्रित शायर होंगे। वहीं 'आरंभ' के मुख्य संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा, मुख्य सलाहकार डॉ. महेश चंद्र शर्मा, हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग के रजिस्ट्रार भूपेंद्र कुलदीप, सुप्रसिद्ध कवयित्री संतोष झांझी और जनवादी अंतरराष्ट्रीय शायर मुमताज अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। शाम-ए-ग़ज़ल में सद्र-ए- मुशायरा अब्दुल लतीफ़ खान होंगे और संचालन 'आरंभ' की महासचिव शायरा कवयित्री नूरुस्सबाह खान 'सबा' करेंगी। प्रारंभिक संचालन 'आरंभ' की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रजनी नेलसन और आभार व्यक्त शानू मोहनन करेंगी।

## समाज इवेंट

# मस्जिद-मदरसा और मजारात आने वाली पीढ़ी का करेगी मार्गदर्शन

**भिलाई।** अंचल के शिल्पकार हाजी एमएच सिद्दीकी ने अपनी किताब 'तामीर-ए- मस्जिद-मदरसा व मजारात' की प्रति पूर्व राज्यमंत्री बदरुद्दीन कुरैशी को भेंट की। इस दौरान कुरैशी ने हाजी सिद्दीकी की पहल को मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह किताब मस्जिद-मदरसा व मजारात के निर्माण के दौरान ध्यान रखने जाने वाले सभी पहलुओं को लेकर आने वाली पीढ़ी का भी मार्गदर्शन करती रहेगी। इस दौरान शिल्पकार हाजी सिद्दीकी ने बताया कि ऐसे धार्मिक निर्माण कहीं भी बेजा कब्जा कर नहीं बनाए जा सकते। पूर्व राज्यमंत्री कुरैशी ने कहा कि लोग अगर इस किताब को अच्छी तरह पढ़ कर मस्जिद, मदरसा व मज़ारात की तामीर करें तो कहीं भी विवाद नही होगा। पूर्व राज्यमंत्री कुरैशी ने इस दौरान कहा कि हाजी एम एच सिद्दीकी आधुनिक भारतीय स्थापत्य कला विशेषज्ञ का अनमोल हीरा है जो भिलाई का नाम पूरे भारत मे रौशन किए हुए है। उन्होंने भविष्य की लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।



■ कुरैशी ने सराहा मस्जिद-मदरसा और मजारात किताब को

## थनौद में तीन दिवसीय संकीर्तन कथा आज से

**अंडा।** ग्राम थनौद में तीन दिवसीय संकीर्तन कथा का आयोजन 6 फरवरी से किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम स्थल गौठान, शिवधाम, शीतला मंदिर के पास निर्धारित किया गया है। इस पावन अवसर पर रामकथा, श्याम कथा एवं शिव कथा का भावपूर्ण वाचन सुप्रसिद्ध कथावाचक कामता प्रसाद शरण द्वारा किया जाएगा। वहीं मूर्तिकार राधेश्याम चक्रधारी द्वारा धार्मिक भावनाओं को साकार किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, शिक्षक मंत्री गजेंद्र यादव, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे, प्रिया साहू, संगीता साहू, केशव बंटी हरमुख , मेनका दिनेश देशमुख आदि को आमंत्रित किया गया है।

भिलाई के मयंक की अमेरिका में बड़ी सफलता, हिंदी-यूएसए को मिली मान्यता

# अमेरिका में इंग्लिश के साथ हिंदी की क्लास, एसीएस-डब्ल्यूएएससी से हिंदी-यूएसए को मिली प्रारंभिक मान्यता

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई से अमेरिका जाकर हिंदी की सेवा कर रहे सॉफ्टवेयर इंजीनियर मयंक जैन और इनकी संस्था के कार्यकर्ताओं के खाते में बड़ी सफलता दर्ज हुई है। उनकी संस्था हिंदी-यूएसए को अमेरिका में एसीएस-डब्ल्यूएएससी से प्रारंभिक मान्यता मिल गई है। हिंदी यूएसए के वर्तमान संस्थापक एवं समन्वयक मयंक जैन ने अपनी यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ और भिलाई वासियों से साझा करते हुए कहा कि यह सफलता हिंदी यूएसए की शैक्षणिक गुणवत्ता, संगठनात्मक उत्कृष्टता और निरंतर सुधार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे अमेरिका में हिंदी के प्रति और अधिक समर्पण के साथ काम करने की प्रेरणा मिली है।मयंक ने बताया कि इस सफलता के लिए अनेक कार्यकर्ताओं ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया जिनमे मुख्य रूप से संस्था प्रमुख देवेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष राज मित्तल के साथ-साथ अनेक पाठशाला संचालक और सेंट लुईस से अंशु जैन, सारिका गौबा, वीणा वैद्यनाथन, मेघना लुंकड़ और निशा अक्षत शामिल हैं। सेंट लुइस, मिसूरी में रह रहे मयंक जैन ने बताया कि उनके संस्थान हिंदी यूएसए को अमेरिका की वैधानिक और अधिकृत संस्था एक्रीडिटिंग कमीशन फॉर स्कूल्स, वेस्टर्न एसोसिएशन ऑफ स्कूल्स एंड कॉलेजेस (एसीएस-डब्ल्यूएएससी) द्वारा यह मान्यता प्रदान की गई है। यह मान्यता एक विस्तृत आत्म-मूल्यांकन प्रक्रिया और डब्ल्यूएएससी की आधिकारिक निरीक्षण टीम द्वारा किए गए मूल्यांकन के बाद प्रदान की गई। इस प्रक्रिया में हिंदी यूएसए की शैक्षणिक संरचना, शिक्षण पद्धतियों, नेतृत्व क्षमता और दीर्घकालिक दृष्टिकोण का गहन मूल्यांकन किया गया।



### हिंदी-यूएसए का पाठ्यक्रम सशक्त है और इससे शिक्षक भी प्रेरित

मयंक जैन ने बताया कि उनके लिए यह लगभग दो वर्षों की यात्रा चुनौतीपूर्ण रही। शुरुआत कॉग्निया के साथ की गई थी और बाद में अपनी दीर्घकालिक शैक्षणिक दृष्टि के अनुरूप डब्ल्यूएएससी को चुना गया। इसके सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं। इस अवसर पर डब्ल्यूएएससी की निरीक्षण समिति की सदस्य एलिज़ाबेथ ओवर राइटर ने कहा कि हिंदी-यूएसए का पाठ्यक्रम अत्यंत सशक्त है और इसके शिक्षक अत्यंत प्रेरित हैं। सबसे सराहनीय बात यह है कि जो छात्र कभी यहां अध्ययन करते थे, वे आज स्वयं शिक्षक बनकर समाज को अपना श्रेष्ठ योगदान लौटा रहे हैं। इस मान्यता का सबसे महत्वपूर्ण लाभ यह है कि अब हिंदी-यूएसए के छात्रों को सेंट लुइस सहित अमेरिका के सरकारी स्कूलों से हिंदी भाषा के विदेशी भाषा क्रेडिट प्राप्त हो सकेंगे।

### अमेरिका के 29 स्कूलों में हो रही संचालित

हिंदी-यूएसए समूह की स्थापना लगभग 25 वर्ष पूर्व न्यू जर्सी में देवेंद्र सिंह, रचिता सिंह और राज मित्तल ने की थी। वर्तमान में उनके प्रयासों से यह संस्था अमेरिका के 29 स्कूलों में संचालित हो रही है और देश की सबसे बड़ी गैर-लाभकारी हिंदी भाषा संस्थाओं में से एक है। भिलाई निवासी मयंक जैन एवं उनकी पत्नी अंशु जैन ने हिंदी-यूएसए सेंट लुइस शाखा की स्थापना की और इसके समन्वयक के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यह संस्था एक पंजीकृत 501(सी)(3) संगठन है और वर्तमान में 4,000 से अधिक छात्रों को शिक्षा प्रदान कर रही है, जिसमें 350 से अधिक स्वयंसेवी शिक्षक और समन्वयक सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ का थाई बॉक्सिंग दल नेशनल में हिस्सा लेने हैदराबाद रवाना



**रायपुर।** 12वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप राष्ट्रीय थाई बॉक्सिंग चैंपियनशिप सह प्रो फाइट नाईट 06 से 08 फरवरी तक एल बी स्टेडियम, हैदराबाद (तेलंगाना) में होने जा रही है। जिसमें छत्तीसगढ़ का 08 सदस्यीय दल भाग लेगा।

एसजीएफआई से मान्यता प्राप्त रही संस्था थाई बॉक्सिंग इण्डियन फेडरेशन के तत्वावधान में तेलंगाना थाई बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर से यह आयोजन होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ की टीम में रायपुर से 06 और दंतेवाड़ा से 02 सदस्य शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि भावी बोर्ड, स्थानीय परीक्षाओं के मद्देनजर कई महिला, पुरुष खिलाड़ियों ने अपना नाम वापस ले लिया। टीम के खिलाड़ी गुरुवार को छत्तीसगढ़ थाई बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष अनीस मेमन के मार्गदर्शन में और शेष दंतेवाड़ा के खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग की कोच टिकेश्वरी साहू के साथ रवाना हुए। रायपुर रेल्वे स्टेशन में थाई बॉक्सिंग संघ के जागेश्वर डडसेना, महेन्द्र साहू और घृतेश साहू सहित खिलाड़ियों के परिजनों ने शुभकामनाएं दी। दल में रायपुर से पल्लवी साहू, प्रियंका साहू, मानसी तांडी, दीपाली बघेल, पिंकी गुप्ता, दंतेवाड़ा से लच्छी कवासी अधिकारी गण अनीस मेमन (रायपुर), टिकेश्वरी साहू (खेल एवँ युवा कल्याण विभाग, दंतेवाड़ा) शामिल हैं।

### एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट के लिए भिलाई की टीम तैयार



**भिलाई।** बोकारो स्टील लिमिटेड की ओर से 10 से 14 फरवरी तक आयोजित एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता में भिलाई स्टील प्लांट की टीम भी भाग लेगी। इस हेतु एक चयनस्पर्धा का आयोजन गुरुवार को बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-10 में किया गया। इस चयन स्पर्धा में 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बल्लेबाजी, गेंदबाजी एवं क्षेत्ररक्षण में प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया। इनमें अनिल सिंह (कप्तान), जयप्रकाश आर्य, अरविंद सिंह, विमल कुमार साहू, विनय कुमार, अर्जुन त्यागी , संतु दीपक खिचरिया, वीरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार वर्मा, अजय विलियम, वार्ड खिलाड़ी प्रक्षाल जैन आयुष हिमांशु एवं आयुष सिंह वर्मा (विकेटकीपर) टीम के कोच एवं मैनेजर राधेश्याम शामिल हैं। इस चयन स्पर्धा के चयनकर्ता वी मोहनदास एवं सुरेश सोनपिपरे, प्रभारी अभिजीत भौमिक उप प्रबंधक क्रीडा संस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग बीएसपी थे।

### प्लेट ग्रुप दूसरे राउंड के मुकाबले आज से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा



आ यो जि त सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रि के ट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के तीन दिवसीय मैच 6 फरवरी से 8 फरवरी तक होंगे। इनमें बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में रायगढ़ विरुद्ध कोरिया जिला, आरडीसीए रायपुर में कवर्धा विरुद्ध धमतरी, दल्ली राजहरा में दुर्ग विरुद्ध दन्तेवाड़ा, दिग्विजय स्टेडियम राजनंदगांव में नारायणपुर विरुद्ध जशपुर, धमतरी में कोरबा विरुद्ध बस्तर और न्यू ग्राउंड कांकेर में महासमुंद विरुद्ध कांकेर के बीच मुकाबला होगा।

### ईस्ट जोन ट्रॉयल के लिए जिला क्रिकेट संघ की चयन सूची जारी



**रायपुर।** स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा निर्देशित अंडर-15 और अंडर-19 का ट्रायल क्रिकेट संघ बिलासपुर द्वारा कोनी बिलासपुर के आधारशिला विद्या मंदिर स्कूल के मैदान में कराया गया। कुल 31 महिला खिलाड़ियों ने ट्रायल दिया। जिसमें 17 खिलाड़ी अंडर-15 वर्ग के और14 खिलाड़ी अंडर-19 के सम्मिलित थे। चयनकर्ता के रूप में अभिषेक सिंह, सुशांत शुक्ला और अभिनव शर्मा उपस्थित थे।

ट्रायल के दौरान सभी महिला खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन चयनकर्ता के सामने किया। जिसमें सर्वप्रथम रनिंग और फिटनेस कराया गया उसके पश्चात गेंदबाजी और बल्लेबाजी कराए गए. इसके बाद ही ईस्ट जोन के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। वूमेंस अंडर 15 पावनी तिवारी, आद्या सेनगुप्ता, आर्या गौरहा, मान्या रजक, लावण्या देशमुख, आराध्य शर्मा, नीलिमा पटेल, किंजल यादव, मोक्षदा वर्मा, रिया साहू, डिम्पल यादव, आराध्य स्वर्णकार शामिल हैं।

### शरीर को डिटॉक्स रखने उठाएं जरूरी कदम

# रोज सुबह की ये एक आदत आपकी सेहत में ला सकती है बड़ा बदलाव, आज से ही करें शुरुआत

स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए खाली पेट नींबू पानी पीना एक आसान और प्रभावी तरीका माना जाता है। यह न केवल शरीर को डिटॉक्स करता है, बल्कि पाचन, वजन नियंत्रण, त्वचा, हृदय, और मस्तिष्क स्वास्थ्य में भी मदद करता है।

खान-पान में सुधार करके आप कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ पा सकते हैं। आप क्या खाते-पीते है इसका सेहत पर सीधा असर होता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को आहार में सुधार करने की सलाह देते हैं। रोजाना नींबू पानी पीना सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है, खासकर जब इसे सुबह खाली पेट पिया जाए। नींबू में विटामिन सी, एंटीऑक्सिडेंट्स और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो शरीर को डिटॉक्स करने, पाचन सुधारने और इम्युनिटी बढ़ाने में मदद करते हैं।

स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए खाली पेट नींबू पानी पीना एक आसान और प्रभावी तरीका माना जाता है। यह न केवल शरीर को डिटॉक्स करता है, बल्कि पाचन, वजन नियंत्रण, त्वचा, हृदय, और मस्तिष्क स्वास्थ्य में भी मदद करता है। वैज्ञानिक शोधों से भी यह सिद्ध होता है कि नींबू पानी नियमित रूप से पीने से




शरीर को कई लाभ मिलते हैं। अगर आप वजन कम करने के लिए प्रयास कर रहे हैं तो नींबू पानी पीना आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकता है।

#### खाली पेट नींबू पानी पीने के लाभ

खाली पेट नींबू पानी पीना पाचन तंत्र को सुधारने, वजन घटाने से लेकर शरीर को डिटॉक्स करने और त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। यदि आप इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहते हैं, तो सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़कर पीना सबसे अच्छा रहता है। हालांकि यदि आपको पेट में अल्सर, एसिडिटी रहती है तो पहले डॉक्टर से परामर्श जरूर लें। नींबू पानी सेहत को कई लाभ दे सकता है।

#### पाचन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद

नींबू पानी पेट में गैसट्रिक जूस (पाचन रस) के स्राव को उत्तेजित करता है, जिससे भोजन पचाने में मदद मिलती है। अध्ययनों में पाया गया है कि नींबू का साइट्रिक एसिड गैसट्रिक जूस के उत्पादन को बढ़ाता है, जिससे पाचन में सुधार होता है। खाली पेट इसके सेवन से आपको कई



लाभ हो सकते हैं।

#### वजन कम करने में मददगार

नींबू पानी शरीर के मेटाबॉलिज्म को तेज करता है, जिससे कैलोरी अधिक बर्न होती है और वजन घटाने में सहायता मिलती है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ओबेसिटी में प्रकाशित एक अध्ययन सेपता चलता है कि सुबह गुनगुना नींबू पानी पीने से मेटाबॉलिज्म दर 30% तक बढ़ सकती है। ये वेट लॉस करने में आपके लिए बहुत



मददगार हो सकती है।

#### शरीर से निकलती है गंदगी

नींबू पानी किडनी और लिवर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे शरीर साफ रहता है। अध्ययन बताते हैं कि नींबू का एंटीऑक्सिडेंट गुण लिवर एंजाइम्स को एक्टिव करता है, जिससे डिटॉक्सिफिकेशन तेज होता है।

#### इम्युनिटी होती है मजबूत

नींबू में मौजूद विटामिन-सी सफेद रक्त कोशिकाओं को बढ़ावा देता है, जिससे बीमारियों से बचाव होता है। विटामिन-सी वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन से लड़ने की क्षमता को बढ़ाता है। नियमित रूप से नींबू पानी पीने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है।

## लोहे की कड़ाही और पतीले को बचाने बरतें सावधानी

लोहे की कड़ाही का इस्तेमाल करते हैं, तो उसका सही रखरखाव भी आना चाहिए। क्या आपको पता है जाने-अनजाने में हम ऐसी गलतियां कर देते हैं जिससे लोहे की कड़ाही खराब होने लगती है? लोहे की कड़ाही और पतीले अधिकांश किचन का हिस्सा हैं। इन बर्तनों में पकाया गया खाना न सिर्फ स्वादिष्ट होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। लेकिन अगर सही देखभाल न की जाए, तो यह जल्दी खराब हो सकते हैं।



#### खट्टी चीजों को बिल्कुल न बनाएं

अगर आप लोहे की कड़ाही में खट्टे खाद्य पदार्थ जैसे कि टमाटर, इमली, नींबू या सिरका डालकर ज्यादा देर तक रखते हैं, तो इससे इसकी सतह कमजोर हो सकती है। खट्टे पदार्थों में एसिड होता है, जो लोहे के साथ रिएक्शन करके उसकी सतह को खराब कर सकता है और जंग लगने की संभावना को बढ़ा सकता है। इतना ही नहीं, इससे खाने का स्वाद भी बदल सकता है।

#### नमी और पानी

लोहे की कड़ाही और पतीले को अगर गीला छोड़ दिया जाए, तो यह जल्दी ही जंग पकड़ सकते हैं। पानी के संपर्क में ज्यादा देर तक रहने से लोहे पर ऑक्सीडेशन की प्रक्रिया तेज हो जाती है, जिससे जंग लगने लगता है।

सावधानीः बर्तन धोने के बाद उसे तुरंत कपड़े से पोंछकर सुखा लें और हल्का-सा सरसों या नारियल का तेल लगाकर रखें। इससे जंग लगने की संभावना बहुत कम हो जाती है।

#### डिटर्जेंट और साबुन का इस्तेमाल न करें

बहुत से लोग लोहे की कड़ाही को साफ करने के लिए हार्ड केमिकल्स वाले डिटर्जेंट या साबुन का इस्तेमाल करते हैं, जिससे इसकी प्राकृतिक कोटिंग हट जाती है। लोहे के बर्तन पर बनी यह कोटिंग इसे जंग से बचाने में मदद करती है। अधिक मात्रा में केमिकल वाले साबुन से इसे धोने से यह कोटिंग धीरे-धीरे खत्म होती है और बर्तन कमजोर हो जाता है।

सावधानीः लोहे के बर्तनों को साफ करने के लिए हल्के गुनगुने पानी और नमक या राख का उपयोग करें। स्टील वूल की जगह मुलायम स्क्रबर का इस्तेमाल करें।

#### तेज आंच पर बिना तेल के गर्म करना

कई बार लोग लोहे की कड़ाही को तेज आंच पर बिना किसी तेल या पानी के गर्म कर देते हैं। इससे इसकी सतह जल सकती है और बर्तन जल्दी खराब हो सकता है। लोहे के बर्तन को बिना तेल के ज्यादा गर्म करने से इसमें दरारें पड़ सकती हैं और यह खाने को जलाने लगता है।

## घोड़े की मूर्ति का मुख घर में किस दिशा में रखनी चाहिए?

वास्तु शास्त्र में घर में रखी मुर्ति के लिए सही स्थान और दिशा के बारे में बताया गया है। अब ऐसे में घोड़े



की मूर्ति के मुख घर की किस दिशा में रखना चाहिए। इसके बारे में विस्तार से जानते हैं।

#### घर की किस दिशा में घोड़े की मूर्ति रखें?

घर की उत्तर दिशा में घोड़े की मूर्ति रखना शुभ माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिशा में घोड़े की मूर्ति रखने से जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है और हंसी-खुशी का माहौल रहता है। इसके अलावा अगर किसी व्यक्ति के व्यापार में किसी तरह की कोई परेशानी आ रही है, तो दुकान या ऑफिस में उत्तर दिशा तरफ रखने से लाभ हो सकता है और सौभाग्य में भी वृद्धि होती है।

इसके अलावा आप घर की दक्षिण दिशा में घोड़े की मूर्ति रख सकते हैं। इस दिशा में मूर्ति रखने से मान-सम्मान में वृद्धि होती है और जीवन में चल रही समस्याओं से भी छुटकारा मिल सकता है।घर में घोड़े की मूर्ति रखने का महत्व क्या है?

घोड़े को गति, शक्ति और सफलता का प्रतीक माना जाता है। घर में घोड़े की मूर्ति रखने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

घोड़े की मूर्ति को धन और समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। इसे उत्तर दिशा में रखने से विशेष रूप से धन लाभ होने की संभावना बढ़ती है। घोड़े की मूर्ति रखने से करियर में प्रगति होती है और सफलता मिलती है। आपको बता दें, घोड़े की मुद्रा खुश और दौड़ती हुई होनी चाहिए। घर में घोड़े की मूर्ति रखने से मानसिक शांति भी मिल सकती है।



## हाथों में दिख रहे इन संकेतों को न करें नजरअंदाज

अगर आपके हाथों में झुनझुनाहट है, पसीना आ रहा है, सूजन है तो इसे हल्के में ना लें। ये कई तरह की बीमारियों की तरफ इशारा करते हैं। कहते हैं हमारा चेहरा हमारी सेहत का हाल बताता है। लेकिन, सिर्फ चेहरा ही नहीं, हमारे हाथ भी स्वास्थ्य का आईना होते हैं। अगर आपके हाथ में कोई असामान्य लक्षण दिख रहे हैं,तो यह किसी स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकता है। आज हम आपको इस आर्टिकल में हाथों में दिखने वाले कुछ ऐसे ही संकेत के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट रामिता कौर ने जानकारी साझा की है।

**ठंडे हाथः** अगर आपके हाथ ठंडे रहते हैं, तो यह आयरन की कमी की तरफ इशारा करता है। हो सकता है कि आप एनीमिया से पीड़ित हों। ऐसे में आयरन युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें जैसे, खजूर, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंजीर, मोरिंगा, किशमिश। इसके साथ ही, आप आयरन के बेहतर अवशोषण के लिए विटामिन सी



लें, जिससे शरीर में आयरन का अवशोषण बेहतर हो सके।

**हाथों में पसीना आनाः** यह समस्या तब होती है जब शरीर की नसों के संकेत अधिक सक्रिय हो जाते हैं, जिससे अत्यधिक पसीना आता है। इसके लिए आप आप एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल करें। इससे त्वचा का पीएच संतुलित रहता है और पसीना कम आता है।

**हाथ और उंगलियों में सुन्नताः** अगर आपके हाथों में झनझनाहट या सुन्नता महसूस होती है, तो यह विटामिन बी12 की कमी का संकेत हो सकता है। विटामिन बी 12 के लिए आप फर्मेंटेड खाद्य पदार्थ जैसे डोसा इडली, एग योक का सेवन करें।

**हाथों में कंपनः** यह तनाव का संकेत देता है। अत्यधिक तनाव के कारण हाथों में कांपने की समस्या हो सकती है। इसके लिए आप रात को सोने से पहले अश्वगंधा चाय का सेवन करें। यह मानसिक शांति प्रदान करता है।

**शुष्क या फटी हुई त्वचाः** अगर आपकी हाथों की त्वचा बहुत ज्यादा रूखी हो रही है या फट रही है, तो यह एक्जिमा या सोरायसिस का संकेत हो सकता है। प्रभावित क्षेत्र पर ओटमील लगाएं और 10 से 15 मिनट बाद धो लें। इससे त्वचा में नमी बनी रहती है।

**सूजी हुई उंगलीः** यह गठिया का संकेत हो सकता है। इसमें जोड़ों में स्टिफनेस हो जाती है। इसके लिए आप 1 टीस्पून काले तिल को रातभर पानी में भिगोकर सुबह पानी पिएं और तिल को चबाएं। इससे जोड़ों की सूजन कम हो सकती है।



### कार्नर न्यूज

### रिश्तों में दूरियां बढ़ने न पाएं, इसका रखें ध्यान


# पति-पत्नी के रिश्ते में दरार ला सकती हैं ये बातें, एक-दूसरे पर भरोसा बरकरार रखने उठाएं जरूरी कदम

हम आपको उन बर्तावों और आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको अपने पार्टनर के साथ नहीं करना है क्योंकि इससे आपके रिश्ते में दूरियां बढ़ सकती हैं और कई बार यह रिश्ता तोड़ भी सकती है। आइए जानते हैं।

पति-पत्नी का रिश्ता दुनिया का सबसे खूबसूरत रिश्ता होता है। यह रिश्ता प्रेम, विश्वास, एक-दूसरे के लिए सम्मान पर बना होता है। हालांकि, कई बार ऐसा होता है कि कुछ छोटी-छोटी गलतफहमियां इस रिश्ते में दरार पैदा कर देती है और कई बार यह और बुरा रूप भी ले लेता है। आज की इस खबर में हम आपको उन बर्तावों और आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको अपने पार्टनर के साथ नहीं करना है क्योंकि इससे आपके रिश्ते में दूरियां बढ़ सकती हैं और कई बार यह रिश्ता तोड़ भी सकती है। आइए जानते हैं।

#### बातचीत में नहीं करनी चाहिए कमी

कोई भी रिश्ता कम्युनिकेशन पर आधारित होता है। अगर आपकी शादी हो चुकी है तो आपको अपने पार्टनर से बातचीत जरूर करनी चाहिए। वह जो



कुछ भी कहें, उसे गंभीरता से सुननी चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो रिश्ते में दूरियां बढ़ने लगती हैं। यही नहीं, प्रोफेशनल लोग काम के चलते कई बार एक-दूसरे के साथ समय बिताना भी कम कर देते हैं। यह आगे चलकर बड़ी समस्या का कारण बन जाता और बातचीत न करने से गलतफहमियां बढ़ने लगती हैं। यहां तक की एक-दूसरे को बर्दाश्त करना भी मुश्किल हो जाता है।

#### तीसरे व्यक्ति की दखलअंदाजी है हानिकारक

पति-पत्नी के रिश्ते में किसी भी तीसरे व्यक्ति की दखलअंदाजी हानिकारक होती है। फिर चाहे वो परिवार का सदस्य हो या फिर कोई दोस्त। पति-पत्नी की लड़ाई में किसी भी तीसरे को नहीं आना चाहिए। यही नहीं, कई बार पति-पत्नी अपने परिवार या फिर दोस्तों को ज्यादा तवज्जो देते हैं और अपने पार्टनर की फीलिंग्स को नजरअंदाज करते हैं। इससे रिश्ते में नाराजगी पैदा होती है और रिश्ते बिगड़ने लगते हैं।

#### नहीं करनी चाहिए ज्यादा उम्मीदें

पति-पत्नी के रिश्ते में एक-दूसरे को लेकर कई अपेक्षाएं होती हैं और जब यह एक्सपेक्टेशन हद से ज्यादा बढ़ने लगती है तो दोनों के रिश्ते में दिक्कते आने लगती हैं। यह आगे चलकर रिश्ते में तनाव का कारण भी बन जाती है। ऐसे में पति और पत्नी को एक-दूसरे से उतनी ही उम्मीदें करनी चाहिए, जितनी वे निभाने में सक्षम हो।

रिश्ता कोई भी हो, अगर उसमें तुलना या आलोचना होने लगती है तो यह रिश्ते के लिए हानिकारक ही होता है। किसी की आलोचना करने से व्यक्ति का आत्मविश्वास कमजोर होता है। वहीं, तुलना करने से रिश्ते में हीनभावना पैदा होती है और यह खटास का कारण बन जाता है। धीरे-धीरे यह इतनी बढ़ जाती है कि दोनों को एक-दूसरे की शक्ल से चिढ़ होने लगती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## बीबर की परफॉर्मेंस से चैपल के रेड कारपेट लुक तक, इस साल ग्रैमी में बहुत कुछ रहा खास



68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 का आयोजन 1 फरवरी की रात (भारतीय समयानुसारः सोमवार सुबह) लॉस एंजिलस, कैलिफोर्निया के क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना में किया गया। कार्यक्रम में लेडी गागा, जस्टिन बीबर, बिली एलिश और केंड्रिक लैमर जैसे दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। इस अवॉर्ड नाइट के होस्ट कॉमेडियन ट्रेवर नोआ रहे जिन्होंने कार्यक्रम की लगातार छठी बार मेजबानी की। ग्रैमी 2026 में लेडी गागा, ब्रूनो मार्स और जस्टिन बीबर समेत कई कलाकारों ने परफॉर्म भी किया। इवेंट की शुरुआत रेड कारपेट से हुई। यहां माईली सायरस, डोएची, सबरीना कारपेंटर और केरोल जी समेत कई सेलेब्स नजर आए। फिर भी सबसे ज्यादा चर्चा बटोर कर ले गईं, चैपल रोन। सिंगर चैपल ने शीयर बरगंडी हुडेड गाउन पहना था। बाद में उन्होंने इस ड्रेस का हुड ओपन किया और सेमी न्यूड नजर आईं। हालांकि, अवॉर्ड सेरेमनी में जब वो मंच पर आई तो उन्होंने दूसरे आउटफिट पहने हुए थे। चैपल के अलावा सिंगर सबरीना कारपेंटर और लेडी गागा के लुक ने भी खूब सुर्खियां बटोरी हैं। सिंगर सबरीना कारपेंटर ने सिल्वर कलर का गाउन पहना था। वहीं सिंगर लेडी गागा ने रेड कारपेट के लिए ब्लैक रेवेन गाउन लुक चुना। सिंगर ने इवेंट के लिए ब्लैक फैदर से बना गाउन चुना। इनके अलावा सिंगर जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली बीबर, माईली सायरस और केरोल जी भी रेड कारपेट पर चमकीं। इस साल इवेंट में कुल 15 परफॉर्मेंस हुईं। इनमें सबसे खास रही लेडी गागा, ब्रूनो मार्स और रोज व जस्टिन बीबर की परफॉर्मेंस।

### टॉलीवुड

## ईशा का आरोप; इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक कमेंट्स के जरिए किया गया परेशान



तेलुगु इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री ईशा रेब्बा ने हैदराबाद में बंजारा हिल्स पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि एक अनजान व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बार-बार आपत्तिजनक कमेंट्स करके उन्हें टारगेट कर रहा है। शख्स उनकी छवि खराब कर रहा है। उन्होंने संबंधित इंस्टाग्राम अकाउंट्स की डिटेल्स और आपत्तिजनक कमेंट्स के स्क्रीनशॉट भी जमा किए हैं। ईशा ने एक फिल्म प्रोजेक्ट के प्रमोशनल एक्टिविटीज के दौरान ऑनलाइन उत्पीड़न और दुर्व्यवहार के एक गंभीर मामले पर ध्यान दिलाने के लिए एक लेटर जमा किया है। उनका आरोप है कि प्रमोशन के दौरान, एक सोशल मीडिया अकाउंट से शख्स ने एक पब्लिक सोशल मीडिया पेज पर आपत्तिजनक और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की। कमेंट में इस्तेमाल की गई भाषा बहुत परेशान करने वाली, अपमानजनक है और मानसिक उत्पीड़न के बराबर है।

बंजारा पुलिस के मुताबिक, 'शिकायतकर्ता का कहना है कि ऐसा कंटेंट न सिर्फ एक महिला के तौर पर उनकी गरिमा को टारगेट करता है, बल्कि भावनात्मक रूप से भी परेशान करता है। यह सार्वजनिक अपमान करने वाली टिप्पणी है। इस घटना से उन्हें मानसिक रुप से काफी परेशानी हुई है'। ईशा ने पुलिस स्टेशन में इंस्टाग्राम पर उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि ईशा रेब्बा एक चर्चित भारतीय अभिनेत्री हैं। वे मुख्य रूप से तेलुगु फिल्मों में काम करती हैं। उन्हें अंथाका मुंडू आ तरवाथा, बंदिपोटू, ओयी, अमी थुमी, दर्शाकुडू और अवे में अहम भूमिकाएं अदा कर दर्शकों के बीच पहचान बनाई है।

### बॉलीवुड

## डॉ. अम्बेडकर की पत्नी 'रमाई' का जीवन संघर्ष आज से दर्शक देखेंगे बड़े परदे पर




छत्तीसगढ़ में बनी नीतूराज फिल्म निर्मित हिंदी फिल्म 'रमाई' 6 फरवरी को छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र सहित देश भर के चुनिंदा थियेटरों में रिलीज हो रही है। संविधान के जनक कहे जाने वाले डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष में उनकी पत्नी 'रमाई' की भूमिका और उनके संघर्ष को इस फिल्म में उकेरा गया है। फिल्म के निर्माता और जगदलपुर निवासी कृष्ण चौहान ने बताया कि फिल्म में अपने चार-चार बच्चों का बलिदान करते हुए डॉ अंबेडकर को विदेश में जाकर 32 डिग्रियां और 9भाषाओं के ज्ञान प्राप्त करने में पूरी तरह साथ देने वाली उनकी पत्नी रमाई के संघर्ष और त्याग को दिखाया गया है। साथ ही बाबासाहेब के जीवन के कुछ ऐसे पहलुओं पर नजर डाला गया है जिसके बारे में शायद ही कोई जानता हो। यह बॉलीवुड की पहली हिंदी फिल्म है जिसकी पूरी शूटिंग दुर्ग, भिलाई, के आसपास क्षेत्रो में हुई है। सहायक निर्माता राजकुमार रामटेके ने बताया कि फिल्म में बाबा साहब अंबेडकर की मुख्य भूमिका में डॉक्टर उदय धाबर्डे और रमाई की भूमिका में प्रेरणा धाबर्डे है। वहीं इस फिल्म में छत्रपति शाहू महाराज की भूमिका में दिग्गज अभिनेता रजा मुराद हैं। इसी तरह ओमकार दास मानिकपुरी (नत्था) ने बड़े भाई आनंद की भूमिका निभाई है। इस फिल्म में मुंबई, इलाहाबाद, औरंगाबाद नागपुर गोंदिया और दुर्ग भिलाई के कलाकारों ने किरदार निभाया है। सहायक निर्माता राजकुमार रामटेके और डायरेक्टर कबीर दा द्वारा यह प्रयास किया गया कि छत्तीसगढ़ के क्षेत्रीय और स्थानीय कलाकारो को अभिनय का मौका देकर बॉलीवुड हिंदी फिल्मी दुनिया के मंच से जोड़ा जाए।

### मौसम का सामना

ठंड और माइनस टेम्परेचर का सामना करने के लिए खुली टांगों ने डिजाइनरों को इंस्पायर किया है। अब लंबे कपड़ों की जगह छोटे कपड़े ले रहे हैं, जिसमें कई तरह के शॉर्ट्स मिड-थाई या घुटने से ऊपर तक पहुँच रहे हैं। ड्राइस वैन नोटेन, लेमेयर और जैक्वेमस की तरह, जब सूरज की किरणें निकलती हैं तो ये कपड़े एकदम सही लगते हैं।




लाइफ स्टाइल

## चाहती हैं अट्रैक्टिव लुक तो स्टाइल करें ये डिजाइंस



हर प्रेमी जोड़े के लिए फरवरी का महीना काफी खास होता है। क्योंकि, इस महीने की 14 तारीख को वेलेंटाइन्स डे मनाया जाएगा इस दिन कपल अपने पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हैं ताकि उनके बीच ये प्यार यूं ही बना रहे। इस खास को यादगार बनाने के लिए कई कपल डिनर डेट का प्लान करते हैं। इस दिन जहां मेल पार्टनर काफी तैयारी भी करते हैं तो इसी के साथ फीमेल पार्टनर सी दिन स्टाइलिश लुक के बेस्ट ड्रेस अक चुनाव करती हैं। लेकिन, अगर इस खास मौके पर आप अट्रैक्टिव लुक चाहती हैं साथ ही भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप ये खूबसूरत डिजाइंस वाले ए-लाइन ड्रेसेस वियर कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस न्यू, स्टाइलिश साथ ही अट्रैक्टिव लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती हैं। अगर आप कुछ भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह की ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं। यह ड्रेस डिनर डेट पर जाने के दौरान स्टाइल करने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस में आपका लुक सबसे अलग और अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की प्रिंटेड ड्रेस आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएंगी जिसे आप 1,000 रूपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ आप हाथों में ब्रेसलेट या कंगन साथ ही झुमके वियर कर सकती हैं। इसी के साथ फुटवियर में स्टाइलिश हील्स वियर कर सकती हैं। आप वहीं बालों को आप खुला करके स्टाइल कर सकती हैं।






### ए-लाइन स्लीवलेस ड्रेस

ए-लाइन ड्रेस में आप इस तरह की लॉन्ग स्लीवलेस ड्रेस का भी चुनाव कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस डिनर डेट पर स्पेशल लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है और इस ड्रेस में आपका लुक बेहद ही स्टाइलिश नजर आएगा। इस तरह की ड्रेस आपको कई सारे कलर और डिजाइन ऑप्शन के साथ मिल जाएगी और इस ड्रेस को आप 1,500 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस ड्रेस के साथ लॉन्ग इयररिंग्स साथ ही फुटवियर में हील्स या फ्लैट्स पहन सकती हैं। अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप इस तरह की ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं।

## गर्दन का कालापन हो सकता है दूर, नहाने से पहले गेहूं के आटे में इसे मिलाकर लगाएं

अगर आप गर्दन के कालेपन से परेशान हैं, तो गेहूं के आटे और हल्दी से बना उपाय आपकी त्वचा की रंगत निखार सकता है। इसके नियमित उपयोग से गर्दन साफ और चमकदार बन सकती है। साथ ही, अन्य प्राकृतिक उपायों को भी अपनाकर त्वचा की देखभाल की जा सकती है। दिन भर बाहर काम करने के बाद हमारी त्वचा में धूल और गंदगी जमा हो जाती है। चेहरे की गंदगी को आप शाम क फेस वॉश से साफ कर लेती हैं, लेकिन गर्दन में जमा मैल या गंदगी रोजाना साफ नहीं हो पाती।

गर्दन का कालापन एक आम समस्या है, जो कई कारणों से हो सकती है। धूल-मिट्टी, पसीना, हॉर्मोनल बदलाव, सही तरीके से सफाई न करना और सन एक्सपोजर इसके मुख्य कारण होते हैं।इससे त्वचा का रंग असमान हो जाता है, जिससे गर्दन काली दिखने लगती है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं और प्राकृतिक तरीके से इसे दूर



करना चाहती हैं, तो नहाने से पहले गेहूं के आटे और हल्दी का पेस्ट लगाना एक बेहतरीन उपाय हो सकता है।

### गेहूं के आटे और हल्दी से गर्दन का कालापन दूर करें

गेहूं का आटा और हल्दी दोनों ही प्राकृतिक ब्लीचिंग एजेंट के रूप में काम करते हैं। इनका नियमित उपयोग त्वचा को चमकदार और साफ बनाने में मदद करता है।

गेहूं के आटे और हल्दी का पेस्ट बनाने की विधि

एक कटोरी में गेहूं का आटा और हल्दी पाउडर मिलाएं। इसमें गुलाब जल या दूध डालकर गाढ़ा पेस्ट बना लें।चाहें तो इसमें शहद भी मिला सकते हैं, जिससे त्वचा को नमी मिलेगी।


**कैसे लगाएं:** सबसे पहले गर्दन को हल्के गुनगुने पानी से साफ करें। तैयार पेस्ट को गर्दन पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। इसे 15-20 मिनट तक सूखने दें। हल्के गीले हाथों से रगड़कर पेस्ट को निकालें और फिर पानी से धो लें। नहाने के बाद गर्दन पर मॉइश्चराइजर लगाएं।

गेहूं का आटा डेड स्किन सेल्स को हटाकर त्वचा को साफ करता है। हल्दी में मौजूद करक्यूमिन तत्व त्वचा को साफ और चमकदार बनाता है। यह मिश्रण एक्सफोलिएटर की तरह काम करता है, जिससे गंदगी और टैनिंग हट जाती है। इसमें मौजूद पोषक तत्व त्वचा को नमी प्रदान करते हैं।

## डार्क सर्कल की वजह से डल हो गया है चेहरा तो ये होममेड करें फॉलो

अगर डार्क सर्कल्स की वजह से आपका चेहरे की सुन्दरता कम हो गई हैं तो आप इस आर्टिकल में बताए गए होम मेड टिप्स को फॉलो कर सकती हैं। आँखों के नीचे होने वाली डार्क सर्कल्स की वजह से चेहरे की सुंदरता कम हो जाती है और आपका चेहरा डल नजर आने लगता है। डार्क सर्कल्स होने की वजह तनाव, स्क्रीन का ज्यादा समय बिताना हो सकता है। इसी के साथ गलत खानपान की वजह से भी डार्क सर्कल की समस्या पैदा होती है। वहीं डार्क सर्कल को कम करने और चेहरे की सुंदरता कायम रखने के लिए हम आपको कुछ होम होममेड टिप्स बता रहे हैं। जो डार्क सर्कल की समस्या को कम करने में उपयोगी साबित हो सकते हैं।

**गुलाब जल:** गुलाब जल कई सारे गुणो से भरपुर है। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण त्वचा के लिए फायदेमंद है। ये सभी जहां स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मददगार है तो वहीं ये चेहरे पर चमक लाने का काम भी करती हैं। वहीं गुलाब जल का इस्तेमाल करने से डार्क



सर्कल की समस्या भी कम हो सकती है।

**इस तरह करें इस्तेमाल:** गुलाब जल को कॉटन पैड में निकालें। उसके बाद इन्हें आँखों में रखें। इन्हें 10-15 मिनट तक रखें। ये उपाय हफ्ते में 2 से 3 दिन करें। ये काम रात को सोने से पहले करें।

**टी बैग्स:** डार्क सर्कल्स की समस्या को कम करने के आप टी बैग्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। टी बैग्स में एंटीऑक्सीडेंट्स समेत कई सारे गुण होते हैं जो त्वचा को स्वस्थ बनाने का काम करते हैं। वहीं डार्क सर्कल्स की समस्या को कम करने के लिए आप टी बैग्स उपयोगी है।

## आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ा देंगे बिछिया के खास डिजाइन

जब भी सुंदरता की बात आती है, तो कई सारे लोग सिर्फ अपने आउटफिट और मेकअप पर ध्यान देते हैं। लेकिन हर बार जरूरी नहीं कि आपकी खूबसूरती सिर्फ कपड़े और मेकअप से बढ़े। इसके लिए आपको पैरों की सुंदरता का भी ध्यान रखना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपका लुक अच्छा लगता है। इसके लिए आप अलग-अलग डिजाइन वाली बिछिया को खरीद सकती हैं। इससे आपके पैर अच्छे नजर आएंगे। आप पैरों की सुंदरता को बढ़ाने के लिए तीन स्टोन वाली बिछिया को वियर कर सकती हैं। इस तरह की बिछिया पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे लुक भी अट्रैक्टिव नजर आएगा। इस तरह की बिछिया को पहनने के लिए आपको दोबारा सोचना भी नहीं पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि ये छोटी होती है, तो ये ऑफिस में भी आप पहनकर जा सकती हैं। इससे आपकी उंगलियों को भी परेशानी नहीं होगी। इस तरह की बिछिया आपको चांदी में आसानी से मिल जाएगी।

### कर्व डिजाइन वाली बिछिया

पैरों में अगर आपको कुछ नया डिजाइन ट्राई करना है,



तो इसके लिए आप कर्व डिजाइन वाली बिछिया को वियर कर सकती हैं। इस तरह की बिछिया पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे आपका लुक भी अच्छा नजर आएगा। इस तरह की बिछिया में आपको आगे की तरफ स्टोन के साथ कर्व वाला डिजाइन मिलेगा। इससे आप बिछिया को उंगलियों में एडजेस्ट कर सकती हैं।

### सिंपल स्टोन डिजाइन बिछिया

आप पैरों के लिए सिंपल डिजाइन वाली स्टोन वर्क बिछिया ले सकती हैं। इस तरह की बिछिया भी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, इससे आपके पैरों की रौनक दोगुनी हो जाएगी।

कार्नर न्यूज

### इस मौसम में शानदार ड्रेसिंग सेंस के साथ अपनाइए बेस्ट फैशन

## चुभन वाली गर्मी के आने से पहले मेंस फैशन के लिए कुछ खास फैशन टिप्स, मिलेगा सुकून

सर्दियां अब जा रही है और चुभन वाली गर्मी अभी आई नहीं है। ऐसे मौसम में पुरुषों में फैशन का क्रेज पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ गया है। जब आप अच्छे से तैयार होते हैं, तो इससे आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो सकती है। सही कपड़े पहनने से आप अपने आप को बेहतर महसूस करते हैं और इस आत्मविश्वास का असर आपके व्यवहार और बातचीत पर भी पड़ता है।

### हर मौके के लिए अलग स्टाइल

अच्छे कपड़े और फैशन का मतलब हमेशा स्टाइलिश दिखना नहीं होता। यह भी ज़रूरी है कि कपड़े आपके शरीर के प्रकार और फिट के अनुसार सही हों, ताकि आप ज्यादा आरामदायक और फिट महसूस कर सकें। एक इंटरव्यू, पार्टी या फिर रोज़मर्रा की ज़िंदगी के लिए अलग-अलग तरह के फैशन हो सकते हैं।

### आकर्षक लुक पाने के लिए रखें इन चीजों का ध्यान

पुरुष अक्सर खुद को स्टाइलिश और



ट्रेंडी तरीके से रखने की कोशिश करते हैं। इसके बावजूद कभी-कभी मनचाहा लुक पाना मुश्किल हो सकता है। आकर्षक लुक पाने के लिए सही एक्सेसरीज का चयन करना बहुत ज़रूरी है। सनग्लास, वॉलेट और बेल्ट जैसी ज़रूरी चीज़ें, स्टाइलिश या स्मार्ट वॉच के साथ मिलकर पुरुषों के पहनावे को काफ़ी हद तक निखार सकती हैं।

सही शर्ट का चयन करना जरूरी

जब शर्ट की बात आती है तो विकल्प बहुत सारे हैं, जो विभिन्न अवसरों के लिए उपयुक्त हैं। पुरुष कैजुअल मैंडरिन कॉलर शर्ट, डेनिम स्लिम कैजुअल शर्ट, प्लेन फिट कैजुअल शर्ट, सॉलिड रेगुलर फिट कैजुअल शर्ट और नॉर्मल कॉटन शर्ट जैसी शर्ट की एक सीरीज से अपने हिसाब से चयन कर सकते हैं।

### ऐसे करें सही जूतों का चुनाव

जूतों का चुनाव किसी भी पहनावे को पूरा करने में अहम भूमिका निभाता है। काले जूते ऑफिश्यली मौकों के लिए एक क्लासिक विकल्प हैं और ऑफिस मीटिंग या इवेंट के लिए भी उतने ही अच्छे हैं। जो लोग अपने लुक में स्टाइल को जोड़ना चाहते हैं, उनके लिए रेड टेप फॉर्मल शूज़ एक फैशनेबल विकल्प है।

### सही कोट और पैंट कैसे चुने

कोट और पैंट में बेहतरीन लुक पाने के लिए पुरुष कई तरह के स्टाइल आजमा सकते हैं जैसे कि टाइप अप कोट, स्लिम फिट सिंगल-ब्रेस्टेड सूट, स्लिम फिट सूट और फुल शोल्डर डिज़ाइन वाले स्लिम कट 3डी कोट पैंट। इसके अलावा कैजुअल और स्लिम फिट ब्लेज़र उन लोगों के लिए बेहतरीन विकल्प हैं जो ज़्यादा आरामदायक लुक चाहते हैं।

